

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03 : अंक : 336 | ग्वालियर, शनिवार 16 जनवरी 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8

## न्यूज ट्रैक

### निधि राजदान को नहीं मिला था हार्वर्ड से ऑफर

**नई दिल्ली।** साइबर जालसाजी के मामले आए दिन होते रहते हैं, लेकिन फिशिंग का यह मामला जरा हटके है। एनडीटीवी की पूर्व एंकर निधि राजदान ने ट्विटर पर बताया है कि वह फिशिंग की शिकार हुई हैं और उनके पास हार्वर्ड से कोई ऑफर आया ही नहीं था। गौरतलब है कि पिछले साल निधि राजदान ने सोशल मीडिया पर ही बताया था कि उन्हें हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से एसोसिएट प्रोफेसर की जॉब का ऑफर आया है और वह एनडीटीवी की नौकरी छोड़कर इस असाइनमेंट को ले रही हैं। हालांकि, अब पता चला है कि ऐसा कोई ऑफर उन्हें हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की तरफ से आया ही नहीं था बल्कि वह फिशिंग की शिकार हुई हैं। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की है और ईमेल के जरिए हुए कम्युनिकेशन की डीटेल्स पुलिस के साथ-साथ हार्वर्ड यूनिवर्सिटी प्रशासन को जांच के लिए सौंपी है। ट्वीट में निधि ने लिखा है, जनू 2020 में मैंने यह कहते हुए 21 सालों की एनडीटीवी की नौकरी छोड़ी कि मैं हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में जर्नलिज्म के एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में जॉइन करने जा रही हूं। मुझे बताया गया था कि मैं सितंबर 2020 में यूनिवर्सिटी जॉइन करूंगी। मैं अपने नए असाइनमेंट की तैयारी कर रही थी इसी दौरान मुझे बताया गया कि महामारी की वजह से मेरी क्लासेस जनवरी 20202 में शुरू होंगी।

### टीएमसी सांसद नुसरत जहां ने बीजेपी को बताया कोरोना वायरस से खतरनाक, कहा- सत्ता में आते ही मुस्लिमों की उलटी गिनती शुरू



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की नेता और बशीरहाट से सांसद नुसरत जहां का विवादित बयान सामने आया है। टीएमसी सांसद नुसरत जहां ने बीजेपी को कोरोना वायरस से खतरनाक बताया है। इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी कहा है कि बीजेपी हिंदू- मुसलमानों के बीच दंगा कराती है। अगर बीजेपी सत्ता में आई तो मुस्लिमों की उलटी गिनती शुरू हो जाएगी। नुसरत जहां ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के मुस्लिम बहुल इलाके देगंगा में चुनाव प्रचार के दौरान यह सब बातें कही। नुसरता जहां ने कहा कि आप लोग अपनी आंख खोलकर रखिए, बीजेपी जैसा खतरनाक वायरस घूम रहा है। यह पार्टी और धर्म के बीच भेदभाव और आदमी-आदमी के बीच दंगा कराती है। अगर बीजेपी सत्ता में आई तो मुस्लिमों की उलटी गिनती शुरू जाएगी। नुसरत जहां के उनके इस बयान पर बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने टीएमसी पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाया। अमित मालवीय ने ट्विट करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में वैक्सीन पर सबसे खराब राजनीति हो रही है। पहले ममता बनर्जी कैबिनेट के मौजूदा मंत्री सिद्धिकुला चौधरी ने वैक्सीन ले जा रहे ट्रक को रुकवा दिया। अब टीएमसी सांसद मुस्लिम बहुल इलाके देगंगा में चुनाव प्रचार करते हुए बीजेपी की तुलना कोरोना से कर रही हैं। लेकिन पिशी चुप हैं। क्यों? तुष्टिकरण? बता दें कि पश्चिम बंगाल में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। जिसको लेकर सभी पार्टियों ने दमखम भरना शुरू कर दिया है। इसी के साथ-साथ राज्य में एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है।

### दिल्ली में कोरोना ने लगाया डाउन गियर, आज 295 नए मरीज मिले, कल से होगी टीकाकरण की शुरुआत

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में कोरोना (कोविड-19) के मामलों में कमी का दौर लगातार जारी है। शुक्रवार को दिल्ली में कोरोना के 295 नए मरीज मिलने के बाद यहां संक्रमितों की कुल संख्या 6.31 लाख से अधिक हो गई है। इसके साथ ही पॉजिटिविटी दर भी घटकर 0.44 फीसदी पर आ गई है। वहीं आज संक्रमण से 10 और लोगों की मौत होने से मृतकों संख्या भी बढ़कर 10,732 हो गई है।

# किसानों के पक्ष में फिर सड़क पर उतरे राहुल और प्रियंका

**नई दिल्ली।** आंदोलन कर रहे किसानों के पक्ष में और तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी शुक्रवार सड़क पर उतरे हैं। कांग्रेस पार्टी आज देशभर में राजभवनों का घेराव करेगी। कांग्रेस पार्टी आज देशभर में किसान अधिकार दिवस मना रही है। इसी अभियान के तहत दिल्ली में राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पार्टी कार्यकर्ता राजनिवास तक मार्च कर रहे हैं।

- ये तीन कानून किसान को खत्म करने के कानून हैं। इस देश को आज़ादी अंबानी-अदानी ने नहीं, किसान ने दी है। आज़ादी को बरकरार हिन्दुस्तान के किसान ने रखा है, जिस दिन देश की खाद्य सुरक्षा चली जाएगी उस दिन ?देश की आज़ादी चली जाएगी।

-नरेंद्र मोदी हिन्दुस्तान को नहीं समझ रहे हैं, वो सोचते हैं कि किसानों में शक्ति नहीं है और ये 10-15 दिन में चले जाएंगे क्योंकि नरेंद्र मोदी किसान की इज्जत नहीं करते। नरेंद्र मोदी हिन्दुस्तान का किसान नहीं डरेगा, नहीं हटेगा और भागना आपको पड़ेगा।

-कानून रद्द होंगे, नरेंद्र मोदी जी को समझ जाना चाहिए कि किसान पीछे हटने वाले नहीं हैं। यह हिन्दुस्तान है पीछे नहीं हटता है, उनको (प्रधानमंत्री) आज नहीं तो कल पीछे हटना पड़ेगा।



-राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने कांग्रेस के उन सांसदों से मुलाकात की जो जंतर-मंतर पर कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सिविल लाइंस स्थित राज निवास की ओर बढ़े। एक पार्टी अधिकारी के मुताबिक, कांग्रेस ने सभी राज्य की इकाइयों को अपने-अपने राज्यों में राजभवनों का घेराव करने को कहा है। केंद्रीय शासित प्रदेशों में लेफ्टिनेंट गवर्नर हाउस का घेराव किया जाएगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ दिल्ली कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे। पार्टी के सूत्र ने बताया, पार्टी कार्यकर्ताओं को चांदगी राम अखाड़ा पर इकट्ठा होने के लिए कहा गया है, जहां से एलजी हाउस की तरफ मार्च निकाला जाएगा। इस मार्च का नेतृत्व राहुल गांधी और पार्टी के वरिष्ठ नेता करेंगे। कांग्रेस पार्टी ने सरकार से तीनों कृषि कानून वापस लेने की मांग की थी। इन तीनों कृषि कानूनों के विरोध में किसान दिल्ली की सीमाओं पर पिछले 50 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे पहले 24 दिसंबर को किसानों के मुद्दे पर राहुल गांधी ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को ज्ञापन सौंपा था। कांग्रेस शासित राज्यों ने इन तीनों कानूनों के खिलाफ प्रस्ताव भी पास किए हैं और उन प्रस्तावों को राज्य के गवर्नर के पास भेजा है। इससे पहले गुरुवार को राहुल गांधी ने कहा था, सरकार किसानों को बर्बाद करने की साजिश कर रही है। मोदी सरकार कृषि कानूनों को वापस लेने पर मजबूर हो जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके शब्दों को याद रखा जाए। साथ ही यह भी कहा कि कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी रहेगी। मेरी बात याद रखना। सरकार इन कानूनों को वापस लेने को मजबूर होगी। याद रखें जो मैंने कहा है।

## आतंक के खिलाफ इमरान की कार्रवाई भी नहीं आई काम, अमेरिका से पड़ी तगड़ी मार

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में आतंकवादी हमलों के लिए पाकिस्तान समय-समय पर घेरा जाता रहा है। कई खूंखार आतंकी पाकिस्तान सरकार की शरण में काफी आरामदायक जिंदगी गुजारते हैं। इसकी वजह से भारत-अमेरिका जैसे देशों के सामने पाकिस्तान की छवि लगातार गिरती रही है और उस पर लगभग हर वैश्विक मंच से हमला बोला जाता रहा है। आतंकवाद के मसले पर एफएटीएफ द्वारा ग्रे लिस्ट में शामिल किए जाने के बाद से आर्थिक मार झेल रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को करारा झटका लगा है। अमेरिकी प्रशासन ने लश्कर-ए-तैय्यबा के साथ-साथ सात अन्य आतंकवादी समूहों की समीक्षा की है और उस पर लगाए गए विदेशी आतंकवादी संगठन का तमगा बरकरार रखा है। अमेरिका ने सबसे पहले साल 2001 में लश्कर-ए-तैय्यबा को आतंकवादी संगठन करार दिया था। यूएस स्टेट डिपार्टमेंट का यह ऑर्डर तब सामने आया है, जब अगले महीने फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की अहम बैठक होने जा रही है, जिसमें इस बारे में चर्चा की जाएगी कि पाकिस्तान ने आतंकी फंडिंग के खिलाफ कितने कड़े कदम उठाए हैं। ग्लोबल वॉचडॉग अब तक इस्लामाबाद के उन तर्कों से सहमत नहीं दिखाई दिया है, जिसमें दावा किया जाता है कि पाकिस्तान लगातार आतंकवाद से जुड़ी फंडिंग पर लगाम कसने के लिए कदम उठाता रहा है। एफएटीएफ ने पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में रखा हुआ है। इसकी वजह से दुनियाभर से पाक को मिलने वाली आर्थिक मदद पर चोट पहुंची है। पिछले साल अक्टूबर में हुई अंतिम समीक्षा में एफएटीएफ के अध्यक्ष मार्कस पेलीर ने आगाह किया था कि पाकिस्तान अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए जिंदगीभर का समय नहीं ले सकता है और बार-बार विफल होने के चलते उसे ब्लैकलिस्ट में भी डाला जा सकता है। पाकिस्तान को साल 2018 में एफएटीएफ ने ग्रे लिस्ट में डाल दिया था। वैश्विक मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण निगरानी वाली संस्था ने पाया था कि पाकिस्तान आतंकवाद के वित्तपोषण और मनी लॉन्ड्रिंग को नियंत्रित करने में विफल रहा है। इन सबके बावजूद भी अभी तक पाकिस्तान ने आतंकवाद पर लगाम लगाने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है और भारत व अफगानिस्तान में आतंकी गतिविधियों का समर्थन करता रहा है। हालांकि, पिछले महीने पाकिस्तान ने एफएटीएफ को खुश करने के लिए कुछ दिखावटी कदम जरूर उठाए थे।



### पाक की कार्रवाई के लिए भारत लेता रहा है आड़े हाथों

आतंकवादियों पर की गई कथित कार्रवाई को लेकर भारत पड़ोसी देश को आड़े हाथों लेता रहा है। नई दिल्ली ने हाल ही में आतंकियों को सजा सुनाए जाने के बाद कहा था कि दोनों पर आतंकवाद से जुड़ा चार्ज नहीं लगाया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा था, पाकिस्तान का यह एक्शन एफएटीएफ की कार्रवाई से बचने के लिए किया गया लगता है। वहीं, भारतीय विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि लश्कर-ए-तैय्यबा को एक आतंकी संगठन के रूप में जारी रखने का अमेरिकी सरकार का फैसला बताता है कि इस्लामाबाद द्वारा उठाए गए कॉस्मेटिक कदमों के बावजूद कोई फायदा नहीं हुआ है।

### आतंकियों के पक्ष में खड़े रहने से बाज नहीं आता पाक

पड़ोसी अपने देश में फल-फूल रहे आतंकवादियों के पक्ष में खड़ा रहता है। वहीं, पाकिस्तान द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 प्रतिबंध समिति को लश्कर के जकी-उर-रहमान लखवी को उसके बैंक खातों से 1.5 लाख रुपये निकालने की अनुमति दिलवाने के हफ्तों बाद अमेरिका का यह आदेश आया है। पिछले साल, पाकिस्तान ने लश्कर प्रमुख हाफिज सईद के लिए भी ऐसी ही रियायत हासिल की थी, जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा नामित आतंकवादी है।



## एलएसी पर तनाव के बीच चीन को सेना प्रमुख मुकुंद नरवणे की चेतावनी

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर चीन के साथ जारी सीमा विवाद के मद्देनजर सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने ड्रैगन को सख्त संदेश देते हुए कहा कि हम बातचीत और राजनीतिक उपायों के जरिए समस्या का समाधान करने को प्रतिबद्ध हैं और किसी को हमारे संयम की परीक्षा लेने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। बता दें कि पिछले आठ महीने से पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद को लेकर भारत और चीन के बीच गतिरोध जारी है और कई दौर की वार्ता के बाद भी यह तनाव कम नहीं हुआ है। दिल्ली कैंट में परेड ग्राउंड में अपने संबोधन के दौरान सेना प्रमुख नरवणे ने कहा कि भारत ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पास यथास्थिति को एकतरफा बदलने की चीनी कोशिशों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि मैं भारत के लोगों को यह आश्वासन देना चाहता हूं कि गलवान घाटी में हमारे सैनिकों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। सेना प्रमुख ने कहा कि लद्दाख सेक्टर में आगे के क्षेत्रों में तैनात सैनिकों का मनोबल उन पहाड़ों से भी अधिक ऊंचा है, जिनकी वे रक्षा कर रहे हैं। पाकिस्तान से लगे लाइन ऑफ कंट्रोल की स्थिति पर सेना प्रमुख ने काह कि 300 से 400 आतंकवादी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में शिविरों में मौजूद हैं और भारत में घुसने की फिराक में हैं। इससे पहले भी गुरुवार को थलसेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने कहा था कि भारतीय सेना सीमाओं पर यथास्थिति में एकपक्षीय बदलाव के किसी भी प्रयास के खिलाफ दृढ़ता से खड़ी रहेगी और अमन-चैन की उसकी इच्छा को कमजोरी के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए।

## कोरोना काल में बीमार पिता को साइकिल से दिल्ली से दरभंगा लाने वाली ज्योति बनी 'ड्रग्स पर पूर्ण विराम' की ब्रांड एम्बेसडर



**पटना।** कोरोना काल में बीमार पिता को लेकर दिल्ली से 7 दिनों में 1200 किमी. की दूरी तय कर घर पहुंचने वाली दरभंगा की ज्यातिं कुमारी को राज्य सरकार ने 'ड्रग्स पर पूर्ण विराम' अभियान के लिए ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। सामाजिक सुरक्षा निदेशक दयानिधान पांडेय ने कहा कि ज्योति मजबूत इरादा और हौसला दिखाते हुए अपने बीमार पिता को साइकिल से लेकर घर पहुंची। इस सराहनीय कार्य के लिए ही उसे समाज कल्याण विभाग ने ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। श्री पांडेय ने शुक्रवार को ज्योति को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित भी किया। सम्मान के रूप में उसे 50 हजार का चेक के साथ टैब और ट्रैक शूट दिया गया।



ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है

सम्पर्क करें

जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश

फोन: 0751-4901403

मो. 7879637585, 8770253710

Website-www.pushpanjalitoday.com

Email.- pushpanjalitoday@gmail.com

### सरकार और किसान संगठनों की बैठक खत्म

# नहीं निकला हल, 19 जनवरी को अगली वार्ता

> **सरकार की ओर से किसानों को मीटिंग में यह भी कहा गया कि कौन सा मुद्दा आपके लिए अहम है. किस मुद्दे का समाधान निकलने से आप लोग आंदोलन खत्म कर सकते हैं. तो किसानों की ओर से यह कहा गया कि हमारे लिए तीनों कानूनों की वापसी और एमएसपी गारंटी कानून दोनों मुद्दे हैं. दोनों मुद्दे आपको पूरे करने पड़ेंगे. तब यह आंदोलन खत्म होगा जिस पर सरकार ने कहा कि 19 तारीख को 12 बजे फिर बैठक होगी, उसके बाद हम आपसे बातचीत दोबारा से करेंगे.**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार और किसान संगठनों के बीच शुक्रवार को एक बार फिर बातचीत का दौर चला. सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई गई कमेटी के बाद सरकार-किसान के बीच हुई ये पहली बैठक थी, लेकिन इस बार भी कुछ अलग नहीं दिखा. किसान संगठनों की ओर से अब भी कृषि कानून वापस लेने की मांग की जा रही है, जबकि सरकार संशोधनों का हवाला दे रही है. सरकार और किसान संगठनों के बीच अब अगली बैठक 19 जनवरी को होगी.

**कृषि मंत्री का राहुल गांधी पर हमला**-कृषि मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी के बयानों और कार्यों पर कांग्रेस पार्टी हंसती है, उनका मजाक उड़ाती है. मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि 2019 के अपने चुनावी घोषणा पत्र में, कांग्रेस ने वादा किया था कि वे इसमें सुधार लाएंगे. अगर उन्हे याद नहीं है, तो उन्हें फिर से घोषणापत्र पढ़ना चाहिए.

**सरकार चाहती है कि किसानों का आंदोलन खत्म हो-कृषि मंत्री**-किसानों के साथ बैठक के बाद कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि सरकार चाहती है कि बातचीत से हल निकले और किसानों का आंदोलन खत्म हो. कृषि मंत्री ने कहा कि आज की बातचीत सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई. चर्चा में हल नहीं निकल सका. 19 जनवरी को दोपहर 12 बजे हम फिर बैठेंगे. हमें उम्मीद है कि चर्चा जारी रहेगी.

### बैठक में सरकार और किसानों ने क्या कहा



सरकार की ओर से किसानों को मीटिंग में यह भी कहा गया कि कौन सा मुद्दा आपके लिए अहम है. किस मुद्दे का समाधान निकलने से आप लोग आंदोलन खत्म कर सकते हैं. तो किसानों की ओर से यह कहा गया कि हमारे लिए तीनों कानूनों की वापसी और एमएसपी गारंटी कानून दोनों मुद्दे हैं. दोनों मुद्दे आपको पूरे करने पड़ेंगे. तब यह आंदोलन खत्म होगा जिस पर सरकार ने कहा कि 19 तारीख को 12 बजे फिर बैठक होगी, उसके बाद हम आपसे बातचीत दोबारा से करेंगे.

## एक नजर....

### गौरवशाली सामाजिक संस्था परिवार की ओर से मकर संक्रांति की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं



मित शर्मा

मकर संक्रांति के अवसर पर आज मां जगत जननी राजराजेश्वरी बीजासेन माता मंदिर महलगांव ग्वालियर की असीम कृपा से एवं संस्था परिवार की ओर से आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कंबल, गजक इत्यादि वितरित किए। संस्था संरक्षक पंडित श्री दिनेश शर्मा जी,संस्था संरक्षक श्री श्याम श्रीवास्तव जी ,अध्यक्ष अधिवक्ता शिल्पा डोगरा, सचिव वासुदेव मिश्रा,वार्ड अध्यक्ष रानी गौड़, सदस्य नीलम कुशवाह एवं अभिषेक कुमार एवं संस्था परिवार के आगामी 17 जनवरी 2021 को माधव विधि महाविद्यालय नई सड़क लश्कर ग्वालियर मध्य प्रदेश आप सभी की गरिमामय उपस्थिति में संस्था की पत्रिका विमोचन एवं सम्मान समारोह तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने हेतु निवेदन।

### सरकार अपने वायदे पर खरा उतरेगी तो उद्यमी जरूर होंगे क्लस्टर में शामिल

## टिम्बर, पेन्ट एवं हार्डवेयर क्लस्टर पर चेम्बर भवन में बैठक आयोजित, सरकार अपने वायदे पर खरा उतरेगी तो उद्यमी जरूर होंगे क्लस्टर में शामिल

**ग्वालियर ।** टिम्बर, पेन्ट एवं हार्डवेयर क्लस्टर बनाये जाने को लेकर आज चेम्बर भवन में सायंकाल 4.30 बजे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से सहायक प्रबंधक-श्री अनिल श्रीवास्तव जी सहित टिम्बर, पेन्ट एवं हार्डवेयर उद्यमी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष विजय गोयल ने उपस्थित महानुभावों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि चेम्बर का हमेशा प्रयास रहता है कि ग्वालियर अंचल में नवीन औद्योगिक क्षेत्र स्थापित हों। कोविड-19 काल से उबरने के बाद हम नये भविष्य की ओर बढ रहे हैं। नवीन मैन्युफेक्चरिंग क्लस्टर बनाये जाने को लेकर हम आज चर्चा कर रहे हैं। माननीय एमएसएमई मंत्री-श्री ओमप्रकाश सकलेचा ने इसका प्रस्ताव उपचुनाव के दौरान दिया था। शासन ने इसमें कदम बढाया है, आशा है कि आप सभी से आज हुई सार्थक चर्चा के बाद इसमें आगामी कार्यवाही होगी। मानसेवी सचिव डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने सुझाव दिया कि टिम्बर एंड एलायड क्लस्टर में जितने भी ब्लॉक बनें उसके हर ब्लॉक में चाय/स्नैक के लिए जगह हो। इसमें प्राथमिक उपचार सेंटर हो। साथ ही, क्लस्टर में फायर ब्रिगेड के लिए भी स्थान आरक्षित हो ताकि आगजनी जैसी घटनाओं को तुरंत रोका जा सके। आपने कहा कि प्रपोजल को अंतिम करने से पहले कई दौर की बैठकें टेन्टिव एरिया व टेन्टिव रेट को लेकर उद्यमियों के बीच चर्चा हो और उसके बाद ही इस पर अंतिम रूप लेने का सरकार से हम अनुरोध करेंगे ताकि यह योजना मूर्तरूप लेकर सफल हो सके। कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल ने कहा कि क्लस्टर से आशय किसी वस्तु से संबंधित सभी निर्माण एक ही स्थान पर हों। शासन से हमें टिम्बर क्लस्टर का प्रस्ताव मिला है तो हमें इसमें तत्परता के साथ सहभागिता निभाना चाहिए। बैठक में उपस्थित हुए टिम्बर, पेन्ट एवं हार्डवेयर व्यवसायियों ने कहा कि क्लस्टर के लिए जमीन चिन्हित करने से डवलपमेंट तक के लिए समय सीमा निर्धारित हो और इस समय सीमा में ही यह कार्य होना चाहिए।प्लॉट की दरें तय होने के बाद उद्यमी को प्लॉट आवंटित/रजिस्ट्री होने तक दरों में वृद्धि न की जाये। क्लस्टर के लिए पहुंच मार्ग व्यस्थित हो, शहर की सीमा में क्लस्टर हो। क्लस्टर बनने के बाद वहां सुरक्षा व्यवस्था का भी ध्यान रखा जाये। जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र के सहायक प्रबंधक-श्री अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि क्लस्टर मैन्युफेक्चरिंग इण्डस्ट्री के लिए डवलप किया जाता है और उसमें आधारभूत सुविधाएं शासन द्वारा मुहैया कराई जाती हैं। आज आपसे चर्चा का उद्देश्य ही यही है कि आपकी प्राथमिकताओं को हम जानें और उसके अनुरूप डीपीआर बनाकर शासन को भेजें। आपके बताये अनुसार ही फर्नीचर, रंदा मशीन/मिसलेनियस, पेन्ट एवं हार्डवेयर के लिए प्लॉट व आकार अनुरूप डीपीआर बनाई जायेगी। बैठक का संचालन मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल तथा आभार कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया। बैठक में कार्यकारिणी सदस्य-संजीव अग्रवाल कुक्कू, आशीष जैन, बाराघाटा इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष-सोबरन सिंह तोमर, टिम्बर व्यवसायी-गिर्राजकिशोर अग्रवाल, महेन्द्र कुमार अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, गिर्राज अग्रवाल, डॉ. सत्येन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## अंतरराज्यीय क्रिकेट महाकुंभ पांचवे दिन दिल्ली ने आगरा को दी मात,सेमीफाइनल में बनाई जगह

**दबोह।** पूर्व मंत्री लहार विधायक डॉ.गोविन्द सिंह के पिता स्वर्गीय मथुरा सिंह फाउंडेसन समिति दबोह के तत्वाधान में खेले जा रहे 15 वे अंतराज्यीय क्रिकेट टूनामेंट महाकुंभ 11 जनबरी से 17 जनबरी तक दबोह के शासकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर खेला जा रहा है।कार्यक्रम में शुभारंभ के पांचवे दिन मुख्यातिथि के रूप में रामेंद्र सिंह दुग्ध संघ ग्वालियर के पूर्व अध्यक्ष मौजूद रहे।तो वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व नप अध्यक्ष लहार छक्कू लाल वर्मा व कॉग्रेस नेता नरेंद्र दुधारिया मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता लहार नप के पूर्व उपाध्यक्ष नरेश सिंह चौहान ने की।कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम मंत्री डॉ.गोविंद सिंह के पिता स्व.मथुरा सिंह के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किये।उसके बाद आयोजन समिति के अध्यक्ष रमाशंकर चौधरी एबं सचिव चौधरी हाकिम सिंह ने मौजूद अतिथियों का खिलाड़ियों से परिचय कराया।वहीं मंच पर जनता को सम्बोधित करते हुए मुख्यातिथि रामेंद्र सिंह ददा ने कहा की डॉ गोविन्द सिंह सरकार के ही नेता नही है जनता के भी नेता है सरकार चाहे रहे न रहे पर डॉ.गोविन्द सिंह आप सभी के बीच सदैव मौजूद रहेंगे।आप सभी आज भी उनके लिए उनके दिल के करीब हैं और हमेशा रहेंगे,डॉ.गोविन्द सिंह लहार विधानसभा की जनता से बहुत स्नेह रखते हैं जो हमेशा रहेगा और समय समय पर ऐसे आयोजन भी होते रहेंगे।वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नरेश सिंह चौहान ने कहा कि यह 15 वां अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट पूर्व मंत्री लहार विधायक डॉ.गोविन्द सिंह जी के स्व.पिता मथुरा सिंह वैशपुरा की पुण्यस्मृति में खेला जा रहा है,जिसमे दूर दराच से खिलाड़ी दबोह के इस मैदान पर टूर्नामेंट खेलने आते हैं यह हमारा सौभाग्य है डॉ.गोविन्द सिंह जी आप सभी के नेता हैं जो आपके साथ सदैव खड़े रहेंगे।इसी क्रम में लहार नप के पूर्व अध्यक्ष छक्कू लाल वर्मा व नरेंद्र दुधारिया ने भी अपने बिचार रखे।



# ग्वालियर पुलिस की शराब माफियाओं के विरूद्ध एक और बड़ी कार्यवाही

### पुलिस ने कंजरों के डेरों पर जमीन में टैक बनाकर रखी गई 10 हजार लीटर गुड लाहान को किया नष्ट 05 हजार लीटर अवैध शराब की जप्त

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित साँघीएभापुसे के निर्देशानुसार अवैध शराब बनाने वालों व बिक्री करने वालों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्वालियर देहात श्री जयराज कुबेर एवं एसडीओपी भितरवार अभिनव बारंगे को अवैध शराब की बिक्री करने वाले बदमाशों की धरपकड़ हेतु मुखबिर तंत्र विकसित कर प्रभावी कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में कार्य करते हुऐ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्वालियर देहात श्री जयराज कुबेर को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि केरूआ चक मिंयापुरकंजरों के ड़ेरोंपर भारी मात्रा में अवैध शराब बनाई जाकर खेतों में गाढ़ कर रखी गई है। उक्त सूचना पर से दिनांक 15.01.2021 को अति. पुलिस अधीक्षक ग्वालियर देहात ने थाना प्रभारी भितरवार निरी. केपीएस यादव को पुलिस लाइन से प्राप्त बल के साथ मुखबिर के बताये स्थान की छानबीन कर कार्यवाही करने के निर्देशित किया। उक्त निर्देश पर से तत्काल थाना प्रभारी भितरवार ने मय थाना व पुलिस लाइन के बल के साथ मुखबिर के बताये गये स्थान की घेराबंदी कर उक्त स्थान की छानबीन की। पुलिस को छानबीन के दौरान डेरों पर जमीन में टेंक बनाकर रखे गये गुड लाहान के भंडार मिले जिन्हे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्वालियर देहात के समक्ष जेसीबी के द्वारा खुदाई करवा करजमीन में टैंक बनाकर रखे गये लाखों रूपये कीमत के 10हजार लीटर लहान को नष्ट किया गया तथा मौके पर से पुलिस द्वारा 05 हजार लीटर अवैध कच्ची शराब भी जप्त की गई। भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब मिलने की सूचना पर से पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघीद्वारा मौके पर पंहुचकर पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही का जायजा लिया साथ ही थाना प्रभारी को इन शराब तस्करों के गिरोह व सप्लायरों की छानबीन कर सख्?त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। थाना भितरवार पुलिस ने उक्त कार्यवाही के दौरान लगभग 10 हजार लीटर गुड लाहान को नष्ट किया गया एवं 05 हजार लीटर अवैध कच्ची शराब कीमती 05 लाख रूपयेद्ध को जप्त किया। थाना भितरवार में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया। जप्त मशरूका रू. 5 हजार लीटर कच्ची शराब कीमती 05 लाख रूपये 10 हजार लीटर गुड लाहान नष्ट किया गयाद्ध लाहान के खाली ड्रम व लोहे की भट्टियां। सराहनीय भूमिका उक्त कार्यवाही में एसडीओपी भितरवार अभिनव बारंगेएथाना प्रभारी भितरवार श्री कृष्णपाल सिंह यादव उनि. मानसिंह भदौरियाए जीपी रायपुरिया सउनि महेश मौर्यए प्रआर शिवेश भदौरियाए आर नीरज यादवए अकिंत माखनए शिवमए सैनिक रामसहाय सहित पुलिस लाइन के बल की सराहनीय भूमिका रही।





## बाइक सवार को बचाने में तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित हो पलटा एक महिला गंभीर रूप से घायल




**इटावा।** थाना एक्दिल के अनुसार बाबरपुर से सराय जलाल जा रहा ऑटो करवा खेड़ा के समीप एशियन हाईवे (01) पर स्थित ज्ञान स्थली स्कूल के गेट में जा घुसा, वहां पर मौजूद लोगों ने बताया कि सर्विस रोड पर सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में ऑटो चालक ने ऑटो पर अपना नियंत्रण खो दिया जिससे ऑटो सीधा ज्ञानस्थली स्कूल के मेन गेट में जा घुसा जिससे उसमें सवार मुन्नी बेगम पत्नी चांद खान निवासी नवीनगर बाबरपुर गंभीर रूप से घायल हो गई। रास्ते में रुके राहगीरों ने 112 नंबर लगाया लेकिन 112 नंबर पर कॉल कनेक्ट नहीं हुई उसके बाद 108 नंबर लगाकर एंबुलेंस को बुलवाया और घायल महिला को इलाज हेतु संबंधित अस्पताल भेजा गया। वहीं ऑटो चालक मौका देख भाग निकला।

मोहम्मद इस्माइल सच्चा सरदार निशान सिंह सुबह सिंह वीर सिंह अंग्रेज सिंह बाबा अमरीक सिंह गुरमीत सिंह विवेक सिंह जितेंद्र सिंह शेर सिंह बलदेव सिंह लक्खा सिंह समस्त शेख जन पहलवान आदिवासी महेंद्र सिंह आदिवासी विक्रम सिंह आदिवासी राधेश्याम कुशवाहा लक्ष्मण कुशवाहा गोलू कुशवाह विनोद रजक गोपी केवट अशोक केवट लियाकत भाई राज सिंह अजय सिंह समस्त ग्रामवासी क्षेत्रवासी किसान भाई उपस्थित रहे



## जोगाराम सीरवी ने अपनी बेटी स्व: विमला की पुण्य स्मृति पर किया एक लाख एक हजार रुपये का शिक्षा दान

नारायणलाल सैणचा

पाली ।स्वर्गीय कु,विमला चौधरी कि पुण्य स्मर्ति में पिताजी जोगाराम बर्फा बेरा-मीठा अरठ भीमालिया सोमेसर द्वारा सीरवी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी जयपुर को आर्थिक सहयोग के रूप में एक लाख एक हजार रुपये सप्रेम नकद भेंट किया,इसके लिए जोगाराम को बहुत-बहुत धन्यवाद एवं हार्दिक आभार इस अवसर पर स्वर्गीय कु,विमला चौधरी के मामाजी व नानाजी- दिलीप सीरवी

नेमीचंद परिहार भीमालियाँ, रामलाल जी चोयल बेरा- मीठा अरठ अध्यक्ष वडगांव शेरी - सिरवी समाज पुणे,जसाराम देसूरी उपस्थित रहे। समाज में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हम सब ने मिल कर मार्च 2018 को जयपुर में आइ एस और आर एस आर जे एस की तैयारी करने वाले समाज के प्रतिभाशाली प्रतियोगी परीक्षार्थीयो के रहने के लिए जयपुर में आवासीय व्यवस्था शुरू की है। जो की अभी अनवरत रूप से चल रही है तथा संस्था -सीरवी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी के नाम से रजिस्ट्रेशन है तथा संस्था के नाम से राष्ट्रीयकृत बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया-पाली में खाता भी है अत~ संस्था को आर्थिक संबल हेतु संस्था की ओर से सादर अपील है कि आपसे अनुरोध है कि सत्र 2021 के लिए आप अपनी तरफ से आर्थिक सहयोग राशि मिनिमम - 21,000 रूपये आप संस्था के खाते में जमा करवाये ताकि संस्था का संचालन अच्छी तरह से हो सके धन्यवाद चेंतबन्दे पत्रिका परिवार राष्ट्रीय सीरवी किसान सेवा समिति परिवार सीरवी समाज डॉट कॉम परिवार की और से जोगाराम को बहुत बहुत धन्यवाद व आभार प्रकट करते हैं ये जानकारी दुर्गाराम पंवार कोयम्बटूर द्वारा दी गई।





## बसपा कार्यकर्ताओ ने मनाया जनकल्याण दिवस

औरैया्बसपा सुप्रीमों के कहने पर प्रदेश भर में 15 जनवरी जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। वहीं औरैया की नउमाइस मैदान में बसपा कार्यकर्त्ताओं ने एकजुट होकर इसमें भाग लिया और आगामी चुनाव की रणनीतियों पर चर्चा की ओर पार्टी को मजबूती प्रदान करने की ठानी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में यह जनकल्याण दिवस पूर्ण हुआ जिसमे पार्टी के पदाधिकारी भी मौजूद रहे वहीं भारी संख्या में कार्यकर्त्ता भी मौजूद रहे। जिसमें जगनपुर की टीम भी शामिल हुई।

## भाजपा नेता योगेंद्र सिंह पहुंचे दबोह कार्यकर्ताओ ने किया जोरदार स्वागत



**दबोह( अर्पित गुप्ता)।** लहार क्षेत्र के भाजपा नेता योगेंद्र सिंह पप्पू आज दबोह पहुंचे।जिस दौरान दबोह कोंच रोड पर भाजपा कार्यकर्ता रामू कौरव ने आतिशबाजी उनका जोरदार स्वागत किया।यहां बता दें कि भाजपा नेता योगेंद्र सिंह पप्पू पर कॉग्रेस शासन में झूठे मुकदमे दर्ज किए थे।इस दौरान स्वागत करने वालो में किसान संगठन के संभागीय महामंत्री,भाजपा नेता रामू कौरव, नारायण दास फौजी,लल्लू कौरव,जीतेंद्र कुशवाह,सरीफ खान दवोह,गौतम कौरव,मुकेश सिह,जगत कौरव पूर्व सरपंच आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।







VISION 2030
ग्वालियर शहर में पहली बार हर सेवा और वस्तु बहुत ही सस्ती
जियो रीचार्ज एक माह 199 वाला केवल 180 में।
आइडिया और एयरटेल का रीचार्ज केवल 225/- में 249 वाला।
किराना का सामान सबसे सस्ता।
HOME TUITION का डेमो फ्री वो भी 15 दिन।
केक केवल 180/- में फ्री HOME DELIVERY के साथ।
टिफिन सेंटर खाना बिल्कुल घर जैसा।
ऐसे ही 5 लाख प्रोडक्ट्स और 50 से ज्यादा सेवाएँ
बस एक कॉल या वॉट्सएप्प, हर सेवा आपके पास।
Only WHATSAPP 9425823988
call-9691937250/- 9516003221



## एक नजर...



### बेखौफ रेत माफिया, अवैध रेत उत्खनन रोकने गए डिप्टी रेंजर और टीम को बंधक बनाकर पीटा

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के कोयलांचल क्षेत्र भालूमाड़ा में बेख़ौफ़ रेत माफिया अपनी हरकतों से बाज नही आ रहे हैं। घटना बुधवार देर रात की है, जहां गोडारू नदी से अवैध रेत उत्खनन को रोकने गए डिप्टी रेंजर दिलीप कुमार ओगरे और उनकी टीम को बदमाशों ने 2 घंटे बंधक बनाकर पीटा। बाद में टीम ने बताया कि, हमलावर लोहे की रॉड, डंडे लिए हुए थे। वहीं, इस घटना में डिप्टी रेंजर के सिर व चेहरे पर चोट आई। पुलिस ने 3 नामजद सहित 11 लोगों पर मामला दर्ज किया है। लेकिन, वन अमले का आरोप है कि पुलिस ने एफआईआर में पूरा घटनाक्रम नहीं लिखा। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं। एडिशनल एसपी अभिषेक राजन के मुताबिक, डिप्टी रेंजर ओगरे को मुखबिर से सूचना मिली कि नदी में रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। इसके बाद वे निजी वाहन से बीट गार्ड कुशल प्रसाद मानिकपुरी व वनरक्षक मनोज कुमार चौधरी के साथ रवाना हुए। हरद के जंगल के अंदर चकरी मोड़ पर नदी के पास पहुंचे ही थे कि सामने से रेत से भरा ट्रैक्टर आता दिखा। ट्रैक्टर को रोकने पर साथ में चल रहे चार पहिया वाहन से कुछ लोग उतरे और बिना कुछ बोले तीनों पर हमला कर दिया। वे लोग डिप्टी रेंजर सहित बीट गार्ड व वनरक्षक को करीब 2 घंटे तक बंधक बनाए रहे। इस बीच उनके साथी रेत से भरे ट्रैक्टर को छुड़ा कर भाग गए।

### पुलिस मुख्यालय के पास महिला से रेप दुष्कर्म से पहले आरोपी ने पीड़िता को पीटा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में महिलाओं के प्रति अपराध कम नहीं हो रहे हैं। अब तो अपराधियों को कानून का डर भी नहीं रह गया है। घटना भोपाल के पुलिस मुख्यालय की है, जहां एक महिला से दुष्कर्म किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहांगीराबाद पुलिस के अनुसार, घटना रात करीब 12 बजे की है। 35 वर्षीय महिला अपने पति के साथ सेमरा अशोका गार्डन में रहती है। उसने बताया कि गुरुवार को उसकी तबीयत खराब थी। वह हमीदिया अस्पताल इलाज कराने गई थी। वहां से उसे पता चला कि लाल परेड मैदान के पास खाना वितरण हो रहा है, तो वह वहां गई और उसने खाना खाया। रात करीब 12 बजे वह जहांगीराबाद के मुर्गी बाजार से पैदल घर की तरफ जा रही थी। तभी एक आरोपी ने उसका हाथ पकड़ा और मुंह हाथ से दबाते हुए उसे खींचते हुए कपड़े की दुकान में ले गया। पहले तो आरोपी ने उसके साथ जमकर मारपीट की और फिर उससे दुष्कर्म किया। महिला को उसी हालत में छोड़कर आरोपी वहां से भाग गया। पीड़िता ने घटना के बाद डायल-100 को कॉल किया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और महिला की मदद की। घटना के बाद पुलिस ने इलाके में तलाशी भी ली, लेकिन आरोपी का कुछ पता नहीं चला। रात 3:30 बजे पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मारपीट और दुष्कर्म किए जाने की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया।

### नकली उत्पाद बेचने के लिए दो व्यापारियों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज



**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर शहर की सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने नकली उत्पाद बेचने के आरोप में दो इलेक्ट्रॉनिक्स समान विक्रेताओं के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया नई दिल्ली निवासी एक कंपनी के अधिकारी की शिकायत पर इलेक्ट्रानिक्स समान के व्यवसायी अनिल मंदवानी (45) और पुनीत पाहुजा (36) पर कल प्रकरण दर्ज किया गया हैं। दोनों व्यवसायियों के खिलाफ नामी कंपनी के नाम पर नकली टीवी बेचने के आरोप हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### शादी करने से मना कर रही थी युवती तो मार दी गोली, खुद को भी उड़ाया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से 45 किलोमीटर दूर रायसेन जिले में गुरुवार को एक युवक ने कथित तौर पर एक युवती की गोली मारकर हत्या कर दी। दरअसल, युवक उस युवती से शादी करना चाहता था, जिसके लिए वह तैयार नहीं थी। इसके बाद उसने खुद को भी गोली से उड़ा लिया। जिले की पुलिस अधीक्षक मोनिका शुक्ला ने कहा कि विदिशा जिले के शमशाबाद के 26 वर्षीय युवक और रायसेन जिले के तेजपुर गांव की 24 वर्षीय युवती को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर मौजूद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसपी ने बताया कि युवती के परिवार के सदस्यों ने पुलिस को जानकारी दी है कि वह युवक पिछले कुछ महीनों से युवती पर शादी के लिए दबाव बना रहा था। शादी के लिए दबाव बनाने के लिए आरोपी गुरुवार सुबह फिर से तेजपुर आया था।

### प्रदेशाध्यक्ष स्वामी तेजानंद महाराज का तिरुपति मे शॉल ओढ़ाकर किया संम्मानित



**नारायणलाल सैणचा**

**तिरूपती।** आंध्र प्रदेश मे गीरवी व्यापार संग के अध्यक्ष तेजस्वरूप महाराज चेन्नई से पधारे। जिनका स्वागत साल द्वारा माला साफा, तिरूपती गीरवी व्यापर के अध्यक्ष प्रकाश राजपुरोहित धमीचन्द सीरवी, गोपाराम सीरवी, तेजसिह राजपुरोहित, श्याम जाट, हनुमान जाट, ओमप्रकाश कुमावत, गणपत लाल कुमावत, लिखमाराम पटेल, सुरेश प्रकाश शरमा, तिरूपती सीरवी समाज एंव राजस्थानी समाज तिरूपती मीडिया प्रभारी अणदाराम सीरवी तिरूपती द्वारा दी गई।

---

**खेतों में लावारिस पड़ी जहरीली शराब पीने से 3 लोगों की मौत**

# मरने वालों के संख्या बढ़कर हुई 24

**मुरैना।** जहरीली शराब से मौतों का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है और न ही गांव वाले मौतों से सबक ले रहे हैं। इसी के तहत गांव के तीन लोगों ने बुधवार की शाम को खेतों में लावारिस पड़ी जहरीले शराब को पी गए, जिससे गुरुवार को उनकी मौत हो गई। चार दिन में जहरीली शराब पीकर मरने वालों की संख्या 24 पर पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार, छैरा निवासी रमेश (45) पुत्र चिलाई बाल्मीकि बुधवार की शाम को गांव के नजदीक खेत में गया था। इसी दौरान यहां इसे देशी शराब पड़ी मिली, जिसे संभवतः शराब माफिया ने छिपा दिया था। रमेश मुफ्त में मिली इस जहरीली शराब को लेकर घर आ गया, जहां जैतपुर वाह उत्तरप्रदेश में रहने वाला उसका रिश्तेदार कैलाश (60) पुत्र रामसहाय वाल्मीकि भी आया हुआ था। दोनों ने इस



जहरीली शराब पीकर पार्टी की। रात में ही उनकी तबीयत बिगड़ी और सुबह मुरैना जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया।

इधर, छैरा गांव में ही रहने वाला पंजाब सिंह (40) पुत्र किशनचंद्र किरार भी खेत में पड़ी अवैध शराब उठाकर पी गया। देर रात जब तीनों की तबियत बिगड़ी तो इन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। उधर, छैरा-मानपुर गांव में अवैध जहरीली शराब पीने वाले ऐसे लोग, जो डर की वजह से सामने नहीं आ रहे हैं, उनकी जांच के लिए गांव में डॉक्टर्स की टीम भेजी गई। इस टीम ने कई लोगों का चेकअप किया। अफसरों ने ग्रामीणों से अपील भी की है कि वे निस्संकोच होकर अपना चेकअप कराएं ताकि उनका समय पर इलाज किया जा सके। इधर, पुलिस ने गुरुवार को दबिश देकर तालाब से भारी मात्रा में अवैध शराब और ओपी जब्त की। आपको बता दें कि, इनमें से आठ लोग मुरैना जिला अस्पताल तो वहीं 14 लोग ग्वालियर के जेएएच में भर्ती हैं।

## अखिलेश की उपस्थिति में सपा के दोनों प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद चुनाव में समाजवादी पार्टी के दोनों प्रत्याशियों ने शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की मौजूदगी में पार्टी के उम्मीदवारों पूर्व मंत्री और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अहमद हसन व राजेंद्र चौधरी ने विधान भवन में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अखिलेश यादव ने इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के दोनों उम्मीदवारों की जीत का दावा किया।

उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आने वाले 2022 के चुनाव में जनता भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार शर्मा को विधान परिषद चुनाव में प्रत्याशी घोषित



करने पर तंज करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करानी चाहिए। उन्होंने वैक्सीन का टीका मुफ्त लगाने की मांग दोहराते हुए सरकार की खामोशी पर सवाल भी उठाया। अखिलेश यादव ने बसपा मुखिया मायावती को जन्मदिन पर बधाई दी। इस अवसर पर जब उनसे पूछा गया कि बसपा तो 2022 में विधानसभा का चुनाव अकेले लड़ेगी तो उन्होंने कहा कि यह तो उनका फैसला है। हमको इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देनी है। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के कार्य पर अखिलेश यादव ने कहा कि यह लोग तो जहां बुल्डोजर चलाना है वहां नहीं चला रहे हैं। हर काम में भेदभाव से ऊपर उठ ही नहीं पा रहे हैं। भाजपा की केंद्र सरकार किसानों के लिए काले कानून लाई है तो उत्तर प्रदेश सरकार किसानों का शोषण कर रही है। विधानसभा चुनाव 2022 में इनको सारे काम का फल मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव 2022 बिल्कुल अलग तरह का होगा। जनता तो इनको इनके कामों का अहसास करा देगी।




### यूपी पंचायत चुनाव : जिलों से मांगी गई कई सूचनाएं, ग्राम प्रधान इलेक्शन का अपडेट

**अमरोहा।** पंचायतीय राज निदेशक ने पंचायत चुनाव के संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर जिलों से सूचना मांगी है। वर्ष 2015 में जिले में कितनी सीटों पर पंचायत चुनाव हुआ था, इस वर्ष कितनी सीटें कम हुई हैं, जिले में सैदनगली ग्राम पंचायत के नगर पंचायत बनने से ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत के कितने वार्ड कम हुए हैं, इस संबंध में जिले से रिपोर्ट मांगी गई है। पंचायत चुनाव मार्च में कराए जा सकते हैं। चुनाव के संबंध में प्रशासन और आयोग स्तर से दिशा-निर्देश जिले को मिल रहे हैं। आए दिन नए बिंदुओं पर चुनाव के संबंध में जानकारी मांगी जा रही है। वर्ष 2015 में हुए पंचायत चुनाव के बार में जिले से रिपोर्ट मांगी गई है। वर्ष 2015 में ग्राम प्रधान की कितनी सीटों पर चुनाव हुआ। ग्राम पंचायत सदस्य के कितने वार्ड थे, क्षेत्र पंचायत सदस्य के कितने वार्ड थे। वर्ष 2021 में होने वाले पंचायत चुनाव में जिले में ग्राम प्रधान की कितनी सीटों पर चुनाव कराया जाएगा। ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के कितने वार्डों में चुनाव होगा। सैदनगली ग्राम पंचायत के नगर पंचायत बनने के बाद जिले में ग्राम प्रधान की कितनी सीटें कम हुई हैं। जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायत सदस्य के कितने वार्ड कम हुए हैं। उक्त बिंदुओं पर जिले से जानकारी मांगी गई है। डीपीआरओ वाचस्पति झा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पूर्व चुनाव और इस बार होने वाले चुनाव के संबंध में मांगी गई सूचनाओं को जवाब जिले से भेजा जा रहा है।

**आरक्षण सीटों पर नजर**-पंचायत चुनाव को लेकर जल्द ही जिले में सीटों के आरक्षण की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। भावी उम्मीदवारों की निगाहें इस ओर टिकी हैं। क्षेत्र में राजनीतिक में हलहल भी तेज हो गई है। सैद नगली ग्राम पंचायत के नगर पंचायत बनने के बाद से जिले में प्रभावित हुए वार्ड में आंशिक परिसीमन कार्य पूरा हो गया है। शासन द्वारा पंचायत चुनाव के संबंध में जिले से मांगी गई जानकारी भी शासन को भेजी जा चुकी हैं। अब सीटों के आरक्षण की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। ग्राम पंचायत चुनाव में सीटों के आरक्षण पर उम्मीदवारों की निगाह टिकी है क्योंकि पूर्व चुनाव में जो सीट जिस वर्ग में आरक्षित थी, वह इस बार उसमें नहीं रहेगी। इसमें बदलाव किया जाएगा। डीपीआरओ वाचस्पति झा ने बताया कि पंचायत चुनाव में सीटों के आरक्षण के संबंध में अभी कोई दिशा निर्देश नहीं मिले हैं। उम्मीद है जल्द ही इस संबंध में गाइडलाइन जारी होगी।

### आप विधायक सोमनाथ भारती को दिल्ली की कोर्ट में पेश करने के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) से विधायक सोमनाथ भारती को दिल्ली अदालत में पेश करने के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी किया गया है। अदालत ने उत्तर प्रदेश पुलिस के जेल अधीक्षक को कहा है कि वह सोमनाथ भारती को 18 जनवरी को दिल्ली में पेश करें। सोमनाथ भारती वर्ष 2016 में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक सिक्योरिटी स्टाफ के साथ बदसलूकी करने के मामले में आरोपी हैं। सोमनाथ भारती फिलहाल उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर में न्यायिक हिरासत में जेल में हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस ने भारती को बीते सोमवार को सरकारी कर्मचारी से बदतमीजी करने और दंगे भड़काने के आरोप में गिरफ्तार किया था। भारती पर आरोप है कि उन्होंने अस्पताल व उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

**यूपी एमएलसी चुनावः बीजेपी ने जारी की प्रत्याशियों की लिस्ट**

## रिटायर्ड आईएसआई अरविंद शर्मा का नाम शामिल

**लखनऊ।** यूपी एमएलसी चुनाव के लिए शुक्रवार को बीजेपी ने प्रत्याशियों के नाम की लिस्ट जारी कर दी। बीजेपी ने उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, पूर्व आईएएस अरविंद शर्मा और काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष रहे लक्ष्मण आचार्य को प्रत्याशी बनाया है। दरअसल अरविंद शर्मा गुरुवार को बीजेपी में शामिल हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने बीजेपी का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया था। आपको बता दें कि विधान परिषद में 30 जनवरी को रिक्त हो रही 12 सीटों के लिए होने वाले चुनाव के लिए नामांकन का पांचवा दिन है। नामांकन पत्र 18 जनवरी तक विधानसभा स्थित राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन हाल में स्थापित निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त एवं जमा किए जा



सकते हैं। अब तक कुल 24 नामांकन पत्र खरीदे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है।16 जनवरी दिन शनिवार को भी कार्यालय खुला रहेगा और इच्छुक प्रत्याशी इस दिन भी नामांकन पत्र प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच के लिए 19 जनवरी की तिथि नियत की गई है। नामांकन करने वाले अभ्यर्थी 21 जनवरी तक अपना नाम वापस ले सकेंगे।

## कृषि विरोधी काले कानून के खिलाफ किसान आंदोलन नगर

**हरवीर सिंह सीताराम जिला शिवपुरी तहसील रन्नौद**



पंचायत रन्नोद वासियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया और सरकार की अनैतिक नीतियों के विरोध में प्रदर्शन तहसीलदार महोदय न्यायालय तहसील रन्नौद राजपाल महोदय के नाम से ज्ञापन दिया गया ज्ञापन सौंपने वालों में समस्त किसान जन एवं कांग्रेस पार्टी से ब्लॉक अध्यक्ष श्री नाथूराम केवट एवं मंडी अध्यक्ष जय किशन माझी जी पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश केवट पूर्व मेंबर सिंह रजक शहर काजी जी मोहम्मद जाकिर जी मुख्त्यार भाई जी मोहम्मद असलम भाई जी मोहम्मद गुड्डा भाई गुड्डू भाई हरिओमपरिहारकी रिपोर्ट बाल्मिक राजू बाल्मीकि विजय बाल्मिक मनोहर बाल्मिक दीपक बाल्मिक सुनील बाल्मिक आदि।

**अयोध्या श्रीराम मंदिर निर्माण में बाबरी मस्जिद के**

## मुद्दई रहे इकबाल अंसारी भी देंगे समर्पण निधि

**अयोध्या।** राम मंदिर निर्माण में अयोध्या विवाद में बाबरी मस्जिद के मुद्दई रहे इकबाल अंसारी भी समर्पण निधि देंगे। श्रीराम जन्मभूमि समर्पण निधि अभियान पर इकबाल अंसारी ने कहा कि बात राम मंदिर की है। बात धर्म की है। लोग बढ़-चढ़कर चंदा दें। मंदिर- मस्जिद के विवाद में लोग न आएं।

उन्होंने कहा कि धर्म के काम में मेहनत की कमाई लगती है तो भगवान भी और अल्लाह दोनो खुश होते हैं। चंदा देने में कोई बुराई नहीं है। लोग चंदा दे चाहे एक रुपये या एक लाख रुपये का सहयोग करें। राम मंदिर में सब का सहयोग होना चाहिए। चंदा देने से एक-दूसरे की मुसीबत कम होती है। ये श्रद्धा का सवाल है। पुण्य मिलता है।

**मुस्लिम मंच ने भी दी समर्पण निधि**-राम मंदिर



निर्माण के लिए मुस्लिम मंच ने भी समर्पण निधि प्रदान की है। मुस्लिम मंच के सदस्य डॉ. तारिक शाह व चांदनी शाह बानो ने 11 हज़ार रुपये का चेक दिया है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट संघ परिवार और विश्व हिंदू परिषद के सहयोग से राम जन्मभूमि समर्पण निधि अभियान संचालित कर रहा है।

**निधि समर्पण अभियान की शुरुआत**-श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निधि समर्पण अभियान की शुरुआत हो गई है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी अनिल मिश्र ने 51 हज़ार रुपये का चेक देकर महा अभियान की शुरुआत किया। शहर के मैत्री मंडप में आयोजित निधि समर्पण कार्यक्रम में ट्रस्टी डॉ. मिश्र मौजूद रहे। ट्रस्ट संघ परिवार के सहयोग से 27 फरवरी तक महा अभियान संचालित करेगा। जनपद में 400 स्थानों से टोलियां निकली हैं। इन टोलियों में शामिल कार्यकर्ता राम मंदिर निर्माण के लिए धन संग्रह करेंगे।



## धनारी कलां के समाज सेवक मनीष हिंदुस्तानी ने अपना 25 वां जन्मदिन अनोखे अंदाज से मनाया

जोधपुर । क्षेत्र के धनारी कलां के युवा समाज सेवक मनीष हिंदुस्तानी ने अपना 25 वां जन्मदिवस अपने मित्रों के साथ बेहतरीन तरीके से मनाया। इस पार्टी में लगभग तीस युवाओं ने भाग लिया ,सब ने शपथ ली है कि जन्म दिवस के अवसर पर नशा प्रवृत्ति को बंद करने के लिए जागरूकता अभियान चलाएंगे। ना खुद नशा करेंगे,और ना ही दोस्तों या परिवार वालों को करने देंगे,इस प्रकार की अच्छी प्रेरणा के साथ जन्मदिन पार्टी का समापन हुआ, अंतिम में केक काटकर सब ने शुभकामनाएं दी, तथा डीजे पर देशभक्ति गानों पर नृत्य भी किया, इस दौरान जोधा हिगड़ा,शौकीन खत्री, दीपक धांधू, राम रख मारवाड़ी, संदीप देपाल, सलीम खोकर, जेठाराम बावड़ी, रुपाराम, महिपाल धांधू, सुरेंद्र, अजीज खत्री, पूसाराम, अर्जुन, सुनील व अशोक, पप्पू धांधु व अन्य अजीज मित्र मौजूद थे।

## सम्पादकीय

# ऐतिहासिक अभियान

भारत जैसे विशाल देश में कोरोना टीकाकरण की शुरुआत सुखद और ऐतिहासिक है। आज से साल भर पहले लोग कोरोना के बारे में ठीक से जानते भी नहीं थे, लेकिन आज इस बारे में लगभग सभी को पता है। यह अपने आप में इतिहास ही है कि इतनी जल्दी किसी रोग के टीके का न केवल निर्माण हुआ है, बल्कि वह देश के लगभग हर जिले में पहुंच भी गया है। यह अवसर किसी उत्सव से कम नहीं है। पहले चरण में टीके का खर्च पूरी तरह से केंद्र सरकार उठा रही है, तो कोई आश्चर्य नहीं। पहले चरण में करीब तीन करोड़ अग्रिम पंक्ति के कोरोना योद्धाओं को टीका लगाया जाएगा। ताजा आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन अक्तूबर महीने में ही 500 से ज्यादा डॉक्टर कोरोना की वजह से शहीद हुए थे। एक अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहीद होने वाले कुल कोरोना योद्धाओं की संख्या चार अंकों में होगी। जब देश के तमाम अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं को टीका लग जाएगा, तब कम से कम डॉक्टर और चिकित्साकर्मी बेहिचक सेवा कर सकेंगे। देश में हर्ड इम्युनिटी अर्थात सामूहिक रोग प्रतिरोधक क्षमता के निर्माण में अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं का टीकाकरण बुनियाद है। यह जरूरी है कि 16 जनवरी से शुरू हो रहे इस चरण में टीकाकरण को पर्याप्त कामयाबी मिले। बहुत से ऐसे योद्धा होंगे, जो टीका लेना पसंद नहीं करेंगे, लेकिन उन्हें आश्वस्त करते हुए इस चरण के टीकाकरण को कामयाब बनाना होगा। लोगों की भी निगाह इस अभियान की सफलता पर टिकी है। अभी भी कुछ विपक्षी पार्टियों के नेताओं को टीके की गुणवत्ता पर भरोसा नहीं हो रहा है। ऐसे में, भाजपा शासित राज्यों को इस अभियान में सोलह आना कामयाब उतरना होगा। मामला पूरी तरह से विश्वास का है, लोगों का विश्वास सशक्त करना जरूरी है। यह काम तभी बेहतर ढंग से हो सकेगा, जब डॉक्टर स्वयं टीका लेने के लिए आगे आएंगे। डॉक्टरों को न केवल टीका लेने में आगे रहना है, उन्हें इस अभियान को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा भी करना है। तमाम सावधानियों के साथ पहला चरण पूरा होना चाहिए और इस चरण में रह जाने वाली त्रुटियों से सीखना चाहिए। इस चरण के बाद संभव है, अगले चरण में टीके के लिए लोगों को भुगतान करना पड़े। करीब छह राज्यों ने अपने यहां लोगों को मुफ्त टीका लगाने का वादा किया है, लेकिन बाकी अनेक राज्य हैं, जो टीका का खर्च उठाने के लिए तैयार नहीं होंगे। स्वाभाविक ही चूंकि टीका महंगा है, इसलिए कुछ सरकारें मुफ्त टीके की घोषणा से बच रही हैं। जो टीका सरकारों को महंगा लग रहा है, वह आम लोगों को कितना महंगा लगेगा, इस बारे में सोच लेना चाहिए। एक और महत्वपूर्ण संकेत यह है कि शायद सरकार लोगों को टीकों में से किसी एक को चुनने का अधिकार नहीं देने पर विचार कर रही है। मतलब जिसे जो टीका दिया जाएगा, उसे वही टीका लेना पड़ेगा। यहां एक अंतर करना पड़ेगा, यदि टीकों की कीमत समान नहीं रहेगी, कम या ज्यादा रहेगी, तो लोगों को चुनने का विकल्प मिलना चाहिए। लोगों से टीका चयन का अधिकार तभी छीनना चाहिए, जब टीकों की गुणवत्ता और कीमत में एकरूपता हो। टीकाकरण में हर स्तर पर पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करते हुए ही आगे बढ़ा जा सकता है।

# सुशासन और सर्वोदय

सुशील कुमार सिंह

**सुशासन लोक विकास की कुंजी है जो शासन को अधिक खुला और संवेदनशील बनाता है। ऐसा इसलिए है ताकि सामाजिक-आर्थिक उन्नयन में सरकारें खुली किताब की तरह रहें और देश की जनता को दिल खोल कर विकास दें। मानवाधिकार, सहभागी विकास और लोकतंत्रीकरण के साथ सर्वोदय व सशक्तिकरण का महत्त्व सुशासन की सीमा में ही है। इस बात का सभी समर्थन करेंगे कि इक्कीसवीं सदी के इस इक्कीसवें साल पर तुलनात्मक विकास का दबाव अधिक है, क्योंकि इसके पहले का वर्ष महामारी के चलते उस आईने की तरह चटक गया है जिसमें सूरत बिखरी-बिखरी दिख रही है। यदि इसे एक खूबसूरत तस्वीर में तब्दील किया जाए तो ऐसा सर्वोदय और सशक्तिकरण के चलते ही संभव होगा, जिसकी बाट बड़ी उम्मीद से जनता जोह रही है।**

सत्तर के दशक के उत्तरार्द्ध में ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने नवीन लोक प्रबंधन की सैद्धांतिक आधारशिला इस उद्देश्य से रखी थी ताकि पुराने स्वरूप से विकास करने वाले शासन को नया रूप दिया जा सके। इसका उद्देश्य ऐसी सरकार और प्रशासन तैयार करना था जो अपनी भूमिका नाव खेने की जगह स्टीयरिंग संभालने के रूप में बदल ले। जब सड़क खराब हो तो ब्रेक गति पर नियंत्रण रखते हैं और जब सब कुछ अनुकूल हो तो यात्रा सुगम हो जाती है। जाहिर है, ऐसी शासन पद्धति में लोक कल्याण की भावना में बढ़त और लोक सशक्तिकरण के आयामों में उभार को बढ़ावा मिलता है।



तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य की चुनौतियों से निपटने के लिए भारत को नया रूप लेना जरूरी है। न्यू इंडिया की अवधारणा इस दौर की सबसे बड़ी जरूरत है। भूमंडलीय अर्थव्यवस्था में हो रहे अनवरत परिवर्तनों को देखते हुए न केवल दक्ष श्रमशक्ति, बल्कि स्मार्ट सिटी और स्मार्ट गांवों की ओर भी कदमताल तेजी से करना होगा। यह दौर मौद्रिक और वित्तीय कदम उठाने के मामले में और समस्याओं से बंध चुके लोगों को बहाल करने का भी है। ऐसे में सर्वोदय इसकी प्राथमिकता है और यह सुशासन पर पूरी तरह टिका है। सर्वोदय सौ साल पहले गांधी दर्शन से उपजा शब्द है, मगर इसकी प्रासंगिकता आज भी उतनी ही है। सर्वोदय एक ऐसा विचार है जिसमें सभी के हितों की भारतीय संकल्पना के अलावा सुकरात की सत्य साधना और रस्किन के अंत्योदय की अवधारणा मिश्रित है। सर्वोदय सर्व और उदय के योग से बना शब्द है जिसका संदर्भ सबका उदय और सब प्रकार के उदय से है। यह सर्वांगीण विकास को परिभाषित करने से ओतप्रोत है।

आत्मनिर्भर भारत की चाह रखने वाले शासन और नागरिकों दोनों के लिए यह एक अंतिम सत्य भी है। समसमायिक विकास की दृष्टि से देखें तो समावेशी विकास के लिए सुशासन एक कुंजी है, लेकिन सर्वज्ञ विकास की दृष्टि से सर्वोदय एक आधारभूत संकल्पना है। बेशक देश की सत्ता पुराने डिजाइन से बाहर निकल गई है, पर कई चुनौतियों के चलते समस्या समाधान में अभी बात अधूरी है। सुशासन एक लोक प्रवर्धित अवधारणा है जो लोक कल्याण को बढ़ावा देती है और जिसमें नागरिक सशक्तिकरण उन्मुख होता है। बीते वर्ष कोरोना महामारी के कारण भारत की अर्थव्यवस्था बेपटरी हो गई। लेकिन अब सकारात्मक संकेत आने लगे हैं। हालांकि बेरोजगारी, बीमारी, रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, चिकित्सा जैसी तमाम बुनियादी समस्याएं अभी भी कायम हैं। गरीबी और भुखमरी की ताजी सूरत भी स्याह दिखाई देती है।

वैश्विक भुखमरी सूचकांक के ताजा आंकड़े बताते हैं कि हम भुखमरी के संकट से निजात नहीं पा सके हैं। पिछले साल की रिपोर्ट में एक सौ सात देशों में भारत चौरानवे वें पायदान पर रहा, जबकि 2014 में पचपनवें पायदान पर था। पांच साल में हालात का इतना बिगड़ना चिंता और सवाल खड़े करता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 15 मार्च 1950 को योजना आयोग का गठन, फिर पहली पंचवर्षीय योजना का कृषि प्रधान होना और सात दशकों के भीतर ऐसी बारह योजनाओं को देखा जा सकता है जिनमें गरीबी उन्मूलन से लेकर समावेशी विकास तक की भी पंचवर्षीय योजनाएं शामिल हैं। बावजूद इसके देश में हर चौथा व्यक्ति अशिक्षित और इतने ही गरीबी रेखा के नीचे हैं।

अगले साल तक किसानों की आमदनी भी दोगुनी करने की बात है और दो करोड़ से अधिक घर भी साल 2022 के भीतर ही दिए जाने हैं। बुनियादी विकास की चुनौतियों और शहरी व ग्रामीण विकास की अवधारणा के अलावा कई तकनीकी विकास से भी देश को ओतप्रोत होना है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है कि कृषि और कृषि प्रसंस्करण आधारित गतिविधियों और उद्योगों को मजबूती देना, साथ ही किसान हितैषी योजनाओं को भी सुधारों और वित्तीय प्रोत्साहन की जरूरत है। सबसे बड़ी बात सरकार और किसान के बीच एक विकासात्मक सुलह को हासिल करना है, ताकि सर्वोदय की शुचिता को खतरा न हो। यह नहीं भूलना चाहिए कि जब अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्र धराशायी हो रहे थे, तब कृषि ही एक ऐसा क्षेत्र था जिसने अपनी विकास दर को 3.7 फीसद से ऊपर रखते हुए देश को अन्न से भर दिया। संकटकाल के दौरान अन्नदाताओं की प्रासंगिकता और खेत-खलिहानों की उपयोगिता कहीं अधिक समझ में आई। जाहिर है अपने हिस्से के विकास की बाट तो खेत-खलिहान भी जोह रहे हैं।

सुशासन लोक विकास की कुंजी है जो शासन को अधिक खुला और संवेदनशील बनाता है। ऐसा इसलिए है ताकि सामाजिक-आर्थिक उन्नयन में सरकारें खुली किताब की तरह रहें और देश की जनता को दिल खोल कर विकास दें। मानवाधिकार, सहभागी विकास और लोकतंत्रीकरण के साथ सर्वोदय व सशक्तिकरण का महत्त्व सुशासन की सीमा में ही है। सुशासन के लिए महत्त्वपूर्ण कदम सरकार की प्रक्रियाओं को सरल बनाना भी होता है और ऐसा तभी संभव है जब पूरी प्रणाली पारदर्शी और ईमानदार हो। कानून ने विवेकपूर्ण और तर्कसंगत सामाजिक नियमों और मूल्यों के आधार पर समाज में एकजुटता की स्थापना की है और शायद ही कोई क्षेत्र ऐसा हो जो कानून से अछूता हो।

वर्तमान दौर कठिनाइयों का तो है, पर बुनियादी विकास ऐसे तथ्यों और तर्कों से परे होते हैं। देश में नौकरियों के नब्बे फीसद से ज्यादा अवसर सूक्ष्म, छोटे और मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र मुहैया कराता है। इस क्षेत्र की अहमियत को देखते हुए सरकार ने कई कदमों की घोषणा पहले के बजट में भी की है। वैश्विक महामारी के कारण बाजार में घटी हुई मांग के सदमे से उबरने का दबाव एमएसएमई क्षेत्र पर भी साफ देखा जा सकता है। यह क्षेत्र जितनी शीघ्रता से पटरी पर लौटेगा, उतनी ही तेजी से देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार की स्थिति बेहतर होगी। गौरतलब है कि सरकार देश को पचास खरब डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के ऊंचे लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से समावेशी विकास और रोजगार सृजन के लिए समर्पित है। जाहिर है, यह आसान काम नहीं है। इसके लिए उद्यमिता को बढ़ावा और तकनीक में नवाचार जरूरी होगा।

सामाजिक-आर्थिक प्रगति को सर्वोदय का प्रतीक कहा जा सकता है। इसी के भीतर समावेशी विकास को भी देखा और परखा जा सकता है। मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और स्टैंडअप इंडिया जैसी योजनाएं भी एक नई सूरत की तलाश में है। जिस तरह अर्थव्यवस्था और व्यवस्था को चोट पहुंची है, उसकी भरपाई आने वाले दिनों में तभी संभव है जब अर्थव्यवस्था नए स्वरूप में ढलेगी।

कुल मिला कर विकास के सभी प्रकार और सर्वज्ञ विकास और सब तक विकास की पहुंच अभी अधूरी है और इसे पूरा करने का दबाव साल 2021 या आगे आने वाले वर्षों पर अधिक इसलिए रहेगा क्योंकि 2020 का घाटा जल्दी जाने वाला नहीं है। ऑक्सफोर्ड इकोनोमिक्स की पड़ताल भी यह बताती है कि साल 2025 तक भारत की विकास दर पांच फीसद से कम रह सकती है। यह जरूरी नहीं कि सभी के पास महल हों, पर यह बहुत जरूरी है कि बुनियादी विकास से कोई अछूता न रहे। जब ऐसा हो जाएगा तभी सर्वोदय होगा और लोक सशक्तिकरण होगा।

## चिंतन

# भारतीय संस्कृति में सूर्य का महत्व

प्रमोद भार्गव

करीब 50 करोड़ वर्ष पहले से प्रकाशमान सूर्य की प्राणदायिनी उर्जा की रहस्य-शक्ति को हमारे ऋषि-मुनियों ने पांच हजार वर्ष पहले ही जान लिया था और ऋग्वेद में लिख गये थे, द्यआप्रा द्यावा पृथिवी अंतरिक्षः सूर्य आत्मा जगतस्थश्च ह्न अर्थात विश्व की चर तथा अचर वस्तुओं की आत्मा सूर्य ही है। ऋग्वेद के मंत्र में सूर्य का आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व उल्लिखित है। हमारे ऋषियों ने हजारों वर्ष पहले जिस सत्य का अनुभव किया था, उसकी विज्ञान सम्मत पुष्टि अब 21वीं सदी में हो रही है।

सौरमंडल के सौर ग्रह, उपग्रह और उसमें स्थित जीवधारी सूर्य से ही जीवन प्राप्त कर रहे हैं। पृथ्वी पर जीवन का आधार सूर्य है। सभी जीव-जंतु और वनस्पति जगत का जीवन चक्र पूर्ण रूप से सूर्य पर आश्रित है। काल गणना का दिशा बोध भी मनुष्य को सूर्य ने ही दिया। इसलिए दुनिया की सभी जातियों और सभ्यताओं ने सूर्य को देवता के रूप में पूजा। भारतीय परिप्रेक्ष्य में, वैदिक काल में ज्ञान और प्रकाश के एकीकरण के लिए सूर्योपासना की जाती थी। तैत्रिय-संहिता में उल्लेख है कि सूर्य के प्रकाश से ही चंद्रमा चमकता है। छांदोग्य उपनिषद में सूर्य को ब्रह्म बताया गया है। गायत्री मंत्र में सूर्य को तेज और बुद्धि का पर्याय माना गया है। सूर्य की किरणों से चिकित्सा पर कई पुस्तकें लिखी गयी हैं। यजुर्वेद में स्पष्ट कहा गया है कि अंतरिक्ष में व्याप्त सभी विकिरणों में सूर्य की किरणें ही जीव जगत के लिए लाभदायी हैं।

वैदिक रूप में सूर्य को काल गणना का कारण मान लिया गया था। ऋतुओं में



**आमतौर पर सूर्य को प्रकाश और गर्मी का अक्षुण्ण स्रोत माना जाता है। लेकिन अब वैज्ञानिक जान गये हैं कि सूर्य का अस्तित्व समाप्त होने पर पृथ्वी पर विचरण करने वाले सभी जीव-जंतु तीन दिन के भीतर मृत्यु को प्राप्त हो जायेंगे। सूर्य के हमेशा के लिए अंधकार में डूबने से वायुमंडल में मौजूद समूची जलवाष्प ठंडी होकर बर्फ बन गिर जायेगी और कोई भी प्राणी जीवित नहीं रह पायेगा।**

परिवर्तन का कारण भी सूर्य को माना गया। वैदिक समय में ऋतुचक्र के आधार पर सौर वर्ष या प्रकाश वर्ष की गणना शुरू हो गयी थी, जिसमें एक वर्ष में 360 दिन रखे गये। वर्ष को वैदिक ग्रंथों में संवत्सर नाम से जाना जाता है। नक्षत्र, वार और ग्रहों के छह महीने तक सूर्योदय उत्तर-पूर्व क्षितिज से, अगले छह महीने दक्षिण पूर्व क्षितिज से होता है। इसलिए सूर्य का काल विभाजन उत्तरायण और दक्षिणायन के रूप में है। उत्तरायण के शुरू होने के दिन से ही रातें छोटी और दिन बड़े होने लगते हैं।

यही दिन मकर तथा कर्क राशि से सूर्य को जोड़ता है। इसलिए इस दिन भारत में मकर-संक्रांति का पर्व मनाने की परंपरा है। वेदकाल में जान लिया गया था कि प्रकाश, ऊर्जा, वायु और वर्ष के लिए समस्त भूमंडल सूर्य पर ही निर्भर है। वेदकालीन सूर्य में सात प्रकार की किरणें और सूर्य रथ में सात घोड़ों के जुते होने का उल्लेख है। सात प्रकार की किरणों को खोजने में आधुनिक वैज्ञानिक भी लगे हैं। नये शोधों से ज्ञात हुआ है कि सूर्य किरणों के अदृश्य हिस्से में अवरक्त और पराबैंगनी किरणें होती हैं।भूमंडल को गर्म रखने और जैव रासायनिक क्रियाओं को छिप्र रखने का कार्य अवरक्त किरणें और जीवधारियों के शरीर में रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ाने का काम पराबैंगनी किरणें करती हैं। दुनिया के सबसे बड़े मेले सिंहस्थ और कुंभ भी सूर्य के एक निश्चित स्थिति में आने पर ही लगते हैं। सिंहस्थ का पर्व तब मनाया जाता है, जब सूर्य सिंह राशि में आता है। वैदिक ग्रंथों के अनुसार, देव और दानवों ने समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश प्राप्त किया था, इसे लेकर विवाद हुआ था।

तब विष्णु ने सुंदरी रूप धरकर देवताओं को अमृत और दानवों को मदिरा पान कराया। राहु ने यह बात पकड़ ली। वह अमृत कलश लेकर भागा। विष्णु ने सुदर्शन चक्र छोड़कर राहु का सिर धड़ से अलग कर दिया। इस छीना-झपटी में जहां-जहां अमृत की बूंदें गिरीं, वहां-वहां सिंहस्थ और कुंभ के मेले लगने लगे। इस वैदिक घटना को वैज्ञानिक संदर्भ में भी देखा जा रहा है।

प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ राम श्रीवास्तव का कहना है कि हमारे सौरमंडल में एमएस 403 का एक तारा है। यह हमारे सूर्य से दस हजार गुना बड़ा सूर्य है। इसे एक ब्लैक होल निगल रहा है और यह छूटकर भागने के लिए ब्लैक होल के चारों ओर चक्कर काट रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में एमएस 433 के दोनों ओर से अतिशबाजी निकल रही है। वैज्ञानिकों ने जब इसके प्रकाश का परीक्षण किया, तो पाया कि 433 में ऐसे अनेक तत्व हैं, जिन्हें हमारा विज्ञान आज भी नहीं पहचानता। ऐसे तत्व अन्य किसी तारे में मौजूद नहीं हैं। यह भी एक विचित्र संयोग है कि जब सिंहस्थ का मेला लगता है, तो एसएस 433 सूर्य के साथ सिंह राशि के बीचो-बीच स्थित रहता है और सिंहस्थ व कुंभ स्नान के समय इससे निकलने वाला प्रकाश तथा आतिशबाजी सीधे पृथ्वी की ओर इंगित रहते हैं।

करीब छह हजार वर्ष पहले किये गये एक पूर्ण सूर्यग्रहण के अध्ययन से अनुमान लगाया गया कि दो धुरियां हैं, पहली, जिस पर धरती घूमती है और सूर्य का चक्कर लगाती है। दूसरी, जिस पर चंद्रमा धरती का चक्कर लगाता है। जिन बिंदुओं पर आकर वे एक-दूसरे से मिलते हैं, उन्हें राहु और केतु कहा जाता है। ग्रहण का प्रभाव तभी सामने आता है जब सूर्य और चंद्रमा एक सीध में आकर निकट से निकलते हैं।

## ज्ञान गंगा

# दुखों का मूल कारण

पुराने समय में एक राजा का जन्म दिन था। जब वह सुबह जागा तो उसने खुद को ये वचन दिया कि वह आज किसी एक व्यक्ति को पूरी तरह खुश और संतुष्ट करेगा। ये सोचकर वह अपने राज्य में घूमने निकल गया। रास्ते में उसे एक भिखारी दिखाई दिया। वह नाली में कुछ ढूंढ रहा था। राजा ने उससे पूछा कि क्या कोई कीमती चीज खो गई है। भिखारी ने कहा कि मेरा तांबे का एक सिक्का नाली में गिर गया है। वही ढूंढ रहा हूं। राजा ने उसे चांदी का एक सिक्का दिया और सोचा कि अब ये खुश हो जाएगा। भिखारी ने चांदी का सिक्का लिया और अपने झोले में डाल लिया। वह फिर से नाली में तांबे का सिक्का खोजने लगा। राजा ने सोचा कि शायद ये बहुत गरीब है। उसे फिर बुलाया और इस बार सोने का सिक्का दिया। भिखारी ने सोने का सिक्का देखकर राजा को बहुत धन्यवाद दिया। वह बहुत खुश था, लेकिन उसने वह सिक्का लेकर झोले में डाला और फिर से नाली में जाकर तांबे का सिक्का खोजने लगा।



इस बार राजा को गुस्सा आ गया। लेकिन, राजा को सुबह का वचन याद आ गया कि मुझे आज किसी को खुश और संतुष्ट करना है। उसने भिखारी को बुलाया और कहा कि मैं तुम्हें मेरा आधा राजपाठ देता हूं। तुम अब तो खुश और संतुष्ट हो जाओ। भिखारी बोला कि राजन मैं तो तभी खुश और संतुष्ट हो सकूंगा, जब मुझे मेरा तांबे का सिक्का वापस मिल जाएगा। राजा समझ गया कि इसका मन उसी तांबे के सिक्के में फंसा हुआ है। उसने सैनिकों को बुलवाया और उसका सिक्का खोजने का आदेश दिया। सैनिकों ने कुछ ही देर में वह सिक्का खोजकर भिखारी को दे दिया। सिक्का पाकर भिखारी खुश और संतुष्ट हो गया। इस कथा की सीख यही है कि अधिकतर लोग उन चीजों को पाने में लगे रहते हैं, जो उनके पास नहीं है। जो चीजें पास हैं, उनकी ओर ध्यान नहीं देते हैं। यही दुखों का मूल कारण है। इससे बचना चाहिए।

## रब्बा



ढूंढती फिरूं मैं प्रीतम अपना रब्बा सब खैर करे
मिल जाए आकर प्रीतम मेरा कोई तो मेहर करे
जादू टोना टोटके ताबीज पेड़ों पर धागे बांधे हैं
कोई तो बताओ जतन जो मेरा बेड़ा पार करे
ढूंढते फिरूं मैं प्रीतम अपना रब्बा सब खैर करे
मेरे हृदय की मासूम सी कोमल पग डंडियों पर
धड़कनों की तेज धडकती राह गुजारो पर
नाम लेना ही दुश्वार है उनकी ना कोई बात करे
ढूंढती फिरूं मैं प्रीतम अपना रब्बा सब खैर करें,,

**महेश राठौर सोनू**
**गाँव राजपुर गढ़ी**
**जिला मु 0नगर**

## कविता

ज़िन्दगी ज्यों पहाड़ पगडंडी
जिन्दगी मुश्किलों से भरी है,
ऊबड़-खाबड़ रास्तों परी है !
काँटों भरी टेढ़ी-मेढ़ी डंडी है,
ज़िन्दगी ज्यों पहाड़ पगडंडी है !!
इस अंधेरे रास्ते जो सँभल गया,
समझो लक्ष्य जीवन सफल गया !
वर्ना यह जिन्दगी फटी बंडी है,
ज़िन्दगी ज्यों पहाड़ पगडंडी है !!
पथ पहाड़ बहु संकटों से भरा है,
लक्ष्य ले निगाह चला उबरा है !
वर्ना पथ बना काल रणचंडी है,
ज़िन्दगी ज्यों पहाड़ पगडंडी है !!
जीवन काँटों का ताज़ जहान है,
कंटकाकीर्ण गिरि पथ समान है !
कंटकों से न मिले हरी झंडी है,
ज़िन्दगी ज्यों पहाड़ पगडंडी है !!
गिरने का बना सदा ही खतरा है,
समझदार ही पथ चढ़ा उतरा है !
अगर चूका तो टूटी सरकंडी है,
ज़िन्दगी ज्यों पहाड़ पगडंडी है !!
है पत्थरों की ठोकरों की उलझन,
है संकीर्ण गली में श्वाँस फिसलन !



काल के हाथ बँधी बनी बंदी है,
ज़िन्दगी ज्यों पहाड़ पगडंडी है !!
इस पगडंडी जो बच निकल गया,
जीवन पथ पर सफल सँभल गया !
वर्ना वह थका हारा राही खंडी है,
ज़िन्दगी ज्यों पहाड़ पगडंडी है !!

**उमान बहादुर सिंह मान**
**शंकरगढ़, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश**

## क्या-क्या छुपाने लगे हो तुम



कितना मुश्किल है तन्हा जीना, बताने लगे हो तुम
जिस तरह से हर घड़ी अब याद आने लगे हो तुम
तुम्हें कहाँ याद आती होंगी अब मिट्टी की खुशबू
मेरे बेटे, क्या करें शहर में जो कमाने लगे हो तुम
कैसे जी पाओगे इत्मीनान से , दो - चार दिन भी
क्यों ज़माने भर का बोझ खुद उठाने लगे हो तुम
तारीखों- तहज़ीब जो भी बाकी है इस मुल्क में
मजहबी रंजिशों में क्यों उसे मिटाने लगे हो तुम
अभी तलक दो कदम भी नहीं चले हो साथ मेरे
और हर कदम पर अहसान गिनाने लगे हो तुम
इतनी खुशी,इतनी हँसी,और इतनी अठखेलियाँ
सच-सच बताओ, क्या-क्या छुपाने लगे हो तुम

**सलिल सरोज**

## वो कहीं नहीं है



उसके सहमते एहसास के भीतर हलचल मची है, वो जमुना के पानी में कभी छप्पाक से गोते लगाती है तो कभी ताज की संगमरमर की दीवारों से लग कर अपने गहनाते हुए वजूद को सिसकियाँ लेती हवाओं में ढूँढती है। खुद को ढूँढते अनगिनत लोगों के मेलों में बर्फ़ सी ठंडी सुलगती आँखें पथरा जाती है, पहचानी पगदंडीयों पर, दूर दूर तक निहारते शून्य में तकती है, पर ज़िंदगी की चद्दर ओढ़े सैकडों तागो में उलझी वो कहाँ है ? सहमी, सिमटी रीढ़ को तान लिया है बोझ के ज़ख़्मों का मरहम ढूँढ रही है। निशान कुछ मिट गए है उसके कदमों के वक्त की मिट्टी ने एसे धोया है अरमानों को हल्की-फुल्की हंसी को तरसती प्यासी क्यारी अपने वजूद की कोंपले ढूँढ रही है। है ना सन्नाटा ? कोई आहट नहीं, कोई साया नहीं सूनसान राह की मुसलसल बहती धार में मैं कहीं नहीं वो कहीं नहीं। जी तो रही है पर जीवन कहाँ मुस्कान में पड़ रहे बल को कौन पहचाने, अश्कों के ज़रिए एक आग पी रही फूतरी को कौन जानें। मर्द की बनाई दुनिया में कुछ बंदिनी दीपक लिए गम का हाथों में पहचान को तलाशते बिना पते की भटक रही कोई क्या मानें। जीवन यज्ञ में खुद को जलाकर आहुतियां देते जलते भूनते आँसू पिते थक गई उस नारी की सोच की परिधि कोई क्या मापे। मौन की तुरपाई से जोड़ लिए लब, शब्द घट से आज़ादी लफ्ज़ का नाश किए बंदीश अपना कर मौनी कहलाती अबला की पीर कोई क्या समझे। शीत अहसास साँसों में भरे ना इस घर की ना उस घर की कहलाए वजूद को तरसती कुछ अभागिन की उलझन ना मैं जानूँ ना तू जानें। नहीं बदला कुछ भी चंद मानुनी के लिए दो सदी पहले की दहलीज़ पर खड़ी लाँघने को बेताब देहरी ब्याहता की असमंजस कोई ना पहचाने। सदियों से विमर्श की कहानियों से लिपटी साड़ी का पल्लू संभालें शराबियों के पैरों तले रौंदी जा रही दर्द की मूरत को सम्मानित करते कौन तराशे।

**(भावना ठाकर, बेंगुलूरु)¤भावु**



# कंगना ने किया मणिकर्णिका के दूसरे भाग का ऐलान

## पर्दे पर दिखाएंगी कश्मीर की चुड़ैल रानी की दास्तां

मकर संक्रांति के मौके पर कंगना रनोट ने मणिकर्णिका फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म का टाइटल मणिकर्णिका रिटर्न्स : द लीजेंड ऑफ दिद्दा होगा। वे यह फिल्म प्रोड्यूसर कमल जैन के साथ मिलकर बना रही हैं, जिन्होंने फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म में उन्हें बतौर झांसी की रानी लक्ष्मीबाई पर्दे पर उतारा था।

### चुड़ैल रानी के नाम से मशहूर दिद्दा

रानी दिद्दा इतिहास में कश्मीर की चुड़ैल रानी के नाम से मशहूर हैं। कहा जाता है कि यह नाम उन्हें राजा महाराजाओं ने सिर्फ अपनी मर्दानगी छुपाने के लिए दिया था। दिद्दा की शादी कश्मीर के राजा क्षेमगुप्ता से हुई थी। जब राजा की मौत हुई तो लोगों ने सती प्रथा के तहत उन्हें सती होने के लिए कहा। लेकिन इस दौरान रानी ने समझदारी दिखाई और राजा की पहली पत्नी को सती कराकर खुद अपनी शर्तों पर राजगद्दी पर बैठ गईं और 50 साल तक शासन किया।

### धाकड़ की शूटिंग में व्यस्त हैं कंगना रनोट

कंगना के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे फिलहाल मध्य प्रदेश में धाकड़ की शूटिंग कर रही हैं। इसके अलावा उनकी तेजस भी अंडर प्रोडक्शन है। वे तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता की बायोपिक थलाइवी की शूटिंग पूरी कर चुकी हैं, जो इसी साल रिलीज हो सकती है।

### 45 मिनट में जीता था युद्ध

कहा जाता है कि रानी दिद्दा ने मोहम्मद गजनवी जैसे लुटेरे को दो बार भागने पर मजबूर कर दिया था। इतिहास में उनके बारे में एक किस्सा यह भी है कि एक बार दुश्मन की 35 हजार सैनिकों की टुकड़ी से लड़ने के लिए रानी दिद्दा सिर्फ 500 सैनिकों के साथ पहुंच गई थीं और महज 45 मिनट में युद्ध जीत लिया था।

### 2019 में आई थी मणिकर्णिका: द क्वीन ऑफ झांसी

राधा कृष्ण जगलार्मुदी उर्फ कृष और कंगना रनोट के निर्देशन में बनी मणिकर्णिका : द क्वीन ऑफ झांसी 25 जनवरी 2019 को रिलीज हुई थी। फिल्म में कंगना ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की भूमिका निभाई थी। उनके साथ अतुल कुलकर्णी, जीसू सेनगुप्ता, मोहम्मद जीशान अयूब और अंकिता लोखंडे की भी अहम भूमिका थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 92 करोड़ का कलेक्शन किया था।

# सिर्फ अपना रोल देखकर कोई फिल्म नहीं चुनती हूं



**एक्ट्रेस काजोल की फिल्म त्रिभंगा ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने को तैयार है। यह फिल्म शुक्रवार को लोगों के सामने होगी। इस फिल्म की कहानी मां और बेटी के रिश्ते पर आधारित है।**

- **इस फिल्म के साथ पहले आप जुड़ी थी या फिर अजय देवगन जी जुड़े थे**
- पहले मैं ही जुड़ी थी। सिद्धार्थ पहले इसको प्रोड्यूस करने वाले थे। उन्होंने मुझे फोन किया था कि रेणुका शहाणे के पास एक बेहतरीन स्क्रिप्ट है. जो वो लिख रही हैं। मेरी रिक्वेस्ट है एक बार आप उसे सुनें। मेरे लिहाज से आप उसके लिए पूरी तरह पर्फेक्ट हैं। जब मैंने स्क्रिप्ट सुनी तो मुझे यह बहुत बहुत पसंद आई। मैंने उसी समय निर्णय ले लिया था कि मुझे यह फिल्म करनी है। वहां से यह कहानी शुरू हुई थी। उसके बाद बाकी सब लोग आए और लोग जुड़ते गए।
- **स्क्रिप्ट में ऐसी क्या खास बात थी जिसके कारण आप इससे जुड़ी**
- मुझे पूरी स्क्रिप्ट बहुत पसंद आई थी। मैं सारे किरदारों की बात कर रही हूं, क्योंकि सिर्फ मैं अपने किरदार की स्क्रिप्ट पर हां नहीं कर सकती थी। सिर्फ डायरेक्टर के लिए हां नहीं कर सकती हूं। मुझे पूरी स्क्रिप्ट सारे किरदार और उससे जुड़ी सारी चीजें पसंद आनी चाहिए। पूरी कहानी की जो जर्नी है वह पसंद आनी चाहिए । रेणुका ने बहुत ही बेहतरीन तरीके से मां बेटी के रिश्ते को समझाया है। इस फिल्म में मां बेटी और नानी, तीनों के किरदार को जिस तरह से दिखाया है। इतने अच्छे तरीके से कि कोई हिस्सा छूटता नहीं है। यह एक मां बेटी के रिश्ते की बेहतरीन कहानी है।
- **आपकी निजी जिंदगी और फिल्म की पटकथा मैं कितनी समानता है**
- इस फिल्म को करने में बहुत मजा आया। जहां तक बच्चों की बात है मेरी बेटी के पार्ट पर इसकी तुलना नहीं की जा सकती है। लेकिन हां, मां के मामले में जरूर कर सकते है। मिथिला का जो किरदार है, वह एकदम से अलग है। वो न्यासा की तरह एकदम नहीं है, तो उसकी मेरे जीवन से तुलना नहीं की जा सकती। मगर, फिल्म में कई ऐसे सीन है जिसकी झलक में अपनी रियल लाइफ से जरूर कर रही थी। काम करने में बहुत मजा आया, बेहतरीन माहौल था। कई मंझे हुए कलाकारों के बीच काम करने में मजा सेट पर भी और सेट के बाहर भी आया।
- **फिल्म में निजी जीवन की झलक मिली हो तो वैसे कुछ सीन के बारे में बता सकें**
- एक चीज फिल्म में जरूर हुई है। जब वह बीमार है और हॉस्पिटल जा रही हैं। रिपोर्टर उससे पूछता है, आपकी मां कोमा में जा रही हैं आपको कैसा लग रहा है मेरी जिंदगी में एक वाकया ऐसा हुआ था। जब मेरी मां अस्पताल में भर्ती थी, एक रिपोर्टर मेरे सामने आया उस समय मुझे इतना गुस्सा आया कि क्या बोलूं। तो रील लाइफ का वह सीन रियल लाइफ में भी मेरे साथ घट चुका है। पिक्चर में तो सिर्फ एक डायलॉग बोलना होता है। मगर, रियल लाइफ में इस तरह की घटना बहुत बुरी लगती है। उस समय मुझे बहुत गुस्सा आया था। मुझे हॉस्पिटल के सामने देखकर वह मुझसे सवाल पूछना चाहता था। कुछ मेरी फोटो क्लिक कर रहे थे। वह सच में मुझे बहुत बुरा लगा। वह कितनी खराब चीज है।
- **शूटिंग का कोई ऐसा किस्सा जो आपको बहुत मजेदार लगा हो जिसमें आप इमोशनल हो गए हो**
- पूरी फिल्म ही एक इमोशनल जर्नी है। फिल्म में कई ऐसे पड़ाव हैं, जहां बहुत ज्यादा इमोशन है। जब वह एक खत लिखती है, अपनी मां के लिए, वह बहुत इमोशनल है। फिल्म देखने के बाद आप उसे महसूस कर सकते हैं। अगर इंसान में इमोशन नहीं है, तो फिर इस फिल्म को कर पाना बहुत मुश्किल था। फिल्म में डायलॉग भी इस तरह के हैं कि जब आप उसे रियल लाइफ से कंपेयर करेंगे, तो आपको लगेगा कि अगर इन परिस्थितियों में मैं खुद होतीं, तो शायद यह एकदम सही था। अगर आप वहां होते तो आप भी वही बोलते और यह एकदम ठीक है। मजेदार बात यह है कि रेणुका ने जो स्क्रिप्ट लिखी है, वह हिंदी, इंग्लिश और मराठी का मिश्रण है। तो, आप इसे हिंगराठी फिल्म कह सकते हैं।
- **कभी किसी कारण अपनी माँ से नाराज हुई हो**
- नहीं, मेरी मां के साथ इस तरह का कोई अनुभव नहीं है जैसा फिल्म में दिखाया गया है। मुझे कभी अपनी मां से कुछ पूछना नहीं पड़ा है और मैंने अपनी मां से कुछ पूछा भी नहीं है। अपनी किसी चीज के लिए मुझे हाथ खोल कर हमेशा सब कुछ मिला है। अगर कोई चीज बहुत महंगी है, जो अफोर्ड नहीं की जा सकती तो वह साफ शब्दों में मना कर देती थीं। मैं भी उसके लिए तैयार हो जाती थी या मान जाती थी। मैंने कभी अपने जीवन में जिद नहीं की है कि मुझे यह चीज किसी भी हालत में चाहिए। मेरी मां बहुत कूल थी और हमारा कम्युनिकेशन बहुत अच्छा था। हम दोनों एक दूसरे के लिए बहुत ओपन थे। हम एक दूसरे के साथ बहुत ज्यादा कंफर्टेबल थे। हां, एक दो बार झगड़े जरूर हुए है कि आप सुबह जल्दी क्यों नहीं उठते। आप यह क्यों नहीं करते। हम बहुत अनुशासित बच्चे थे। जब हम बोर्डिंग स्कूल से लौटे तो उसके बाद हमने काम करना शुरू कर दिया। कभी इस तरह की चीज के लिए समय भी नहीं मिला रिबेल बनने के लिए। जब आप फिल्म त्रिभंगा देख कर बाहर निकलेंगे तो आपको जरूर लगेगा कि एक बार मां के साथ चल कर कुछ समय बिता लिया जाए। अपनी मां को जाकर एक झप्पी भी दे देती हूं और उनको कहें आई लव यू फॉर एवरीथिंग।

### जल्द मां बनने वाली हैं अनीता हसनंदानी, बोलीं-

# मैं एक्साइटेड हूं, लेकिन...



टीवी एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी जल्द ही मां बनने वाली हैं। वह प्रेग्नेंसी के तीसरे ट्रायमिस्टर में हैं। अनीता इस पीरियड को लेकर एक्साइटेड हैं और कई सारे इमोशन्स से घिरी हुई हैं। पहले बेबी के आने की खुशी जाहिर करते हुए अनीता ने कई बाते कही हैं। अनीता ने बताया है कि वह खुद कैसा महसूस कर रही हैं और पति रोहित रेड्डी किस तरह उनका सपोर्ट सिस्टम बने हुए हैं। अनीता ने कहा, मैं अपने ट्रायमिस्टर में हूं। डिलिवरी की डेट जल्द ही आने वाली है। मैं काफी एक्साइटेड हूं, नर्वस हूं और स्ट्रेस्ड भी हूं। बहुत सारे मिक्स्ड इमोशन्स मेरे अंदर इस समय आ रहे हैं। एक्साइटेड हूं और जिंदगी के इस नए फेज के लिए तैयार हूं। बेबी के आने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। अनीता आगे कहती हैं कि रोहित मुझे पैंपर कर रहे हैं और बेबी के लिए बहुत कुछ पढ़ते रहते हैं। रोहित भी काफी एक्साइटेड हैं। वह हर चीज सही कर रहे हैं, खाना ऑर्डर करने से लेकर मुझे पैंपर करने तक। वह ऑनलाइन कई चीजें सीख रहे हैं। बेबी को रैप कैसे करते हैं, बेबी को वर्प (डकार) दिलाने के लिए क्या करते हैं, वह अपनी चीजें कर रहे हैं और मुझे लगता है कि वह एक बेस्ट फादर बनेंगे। रोहित और मैंने स्टेम सेल बैंकिंग सीखी है। इससे बेबी के आने वाले समय में हेल्थ पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। मुझे खुशी है कि हम यह सब कुछ अपने बेबी के लिए कर रहे हैं।

### गुरु रंधावा और संजना सांघी का गाना मेहंदी वाले हाथ हुआ रिलीज

नाच मेरी रानी और बेबी गर्ल जैसे हिट गाने देने वाले सिंगर गुरु रंधावा ने लोहड़ी के अवसर पर सिंगल मेहंदी वाले हाथ को रिलीज कर दिया है' इस गाने में उनके अलावा संजना सांघी की अहम भूमिका है' संजना सांघी सुशांत सिंह राजपूत की आखिरी फिल्म दिल बेचारा में नजर आई थी' गुरु रंधावा का हालिया सिंगल मेहंदी वाले हाथ के माध्यम से संजना सांघी का म्यूजिक इंडस्ट्री में डेब्यू भी हो रहा है' इस गाने को सचेत और परंपरा ने गाया है' यह गाना बहुत ही सुंदर बना है' इस गाने की फीलिंग, प्यार में पड़ने और उसे जाने देने पर आधारित है' इस गाने का निर्देशन अरविंद्र खैरा ने किया है' गाने को शेयर करते हुए संजना ने लिखा, म्यूजिकल लव स्टोरी शेयर कर रही हूं' यह फौजियों और उनके परिवार के आशा और बलिदान की बात करती है' मेहंदी वाले हाथ गाने में गुरु रंधावा पंजाबी मुंडे से लेकर आर्मी अफसर तक की भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं' गुरु रंधावा ने बताया, मेहंदी वाले हाथ मेरे लिए एक नई जर्नी है और यह सब भूषण जी के कारण संभव हुआ है' उन्होंने इतना खूबसूरत गाना मुझे दिया है' यह गाना पहले के मुकाबले काफी अलग है' इस गाने का भाग बनकर मैं बहुत खुश हूं' इस गाने को सचेत और परंपरा में गाया है जो कि आपके दिल को छू लेगा' इसके पहले संजना ने कहा था, मुझे खुशी है मेहंदी वाले हाथ और गुरु रंधावा के साथ काम करने का सौभाग्य मिला' मेरे लिए एक सोने पर सुहागा वाली बात थी' गुरु रंधावा एक शानदार कलाकार है'।

# लंबी चोटी... सिंपल सूट.. मांग में दिखा सिंदूर पहली बार इस रूप में नजर आई उर्वशी रौतेला




बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला हमेशा अपनी हॉटनेस की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। अगर आप उर्वशी के इंस्टाग्राम पर भी नजर डालेंगे तो आपकी उनकी ज्यादतर फोटोज हॉट पोज में ही दिखेंगी। लेकिन हाल ही में एक्ट्रेस का एक ऐसा लुक सामने आया है जिसे देखकर 1 सेकेंड के लिए तो आपको यकीन ही नहीं होगा कि ये उर्वशी रौतेला हैं उर्वशी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक छोटा सा वीडियो शेयर किया है जिसें उनका जो लुक दिख रहा है वो हैरान करने वाला है। हमेशा हॉट ट्रेसेज और बिकिन में पोज देने वाली अभिनेत्री इस वीडियो में एकदम सिंपल सादा पिंक और व्हाइट रंग के कॉटन में सूट में दिख रही हैं। इतना ही नहीं सूट के साथ उन्होंने गूथकर लंबी सी चोटी बना रखी और मांग में सिंदूर लगा रखा है। कुल मिलाकर कहा जाए तो उर्वशी एक दम देसी अवतार में दिख रही हैं जो कि थोड़ा हैरान करने वाला है, क्योंकि उर्वशी के चाहने वालों ने शायद उन्हें इस तरह पहले कभी नहीं देखा होगा। वीडियो शेयर करते हुए उर्वशी ने ये बताया है कि उनके चेहरे के रंग को डार्क किया गया है साथ ही एक्ट्रेस ने अपने फैंस से अपने लुक पर रिव्यू भी मांगा है कि वो कैसी लग रही हैं। वीडियो शेयर करने के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, मेरी ओरिजनल स्किन टोन को 10 शेड ज्यादा डार्क किया गया है.., कुछ बहुत एक्साइटिंग आने वाला है.. हये मेरे लंबे बाल किसी की नजर न ले। आप लोग मेरे इस नए लुक के बारे में क्या सोचते हैं दोस्तों आप भी देखें उर्वशी का ये वीडियो। आपको बता दें कि उर्वशी ने अनिल कपूर की फिल्म सिंह साब द ग्रेट से अपने फिल्मी करियर की शुरूआत की थी। जिसके बाद उन्होंने ग्रेट ग्रैंड मस्ती, सनम रे, भाग जॉनी, हेटी स्टोरी 4 जैसी फिल्मों में काम किया है। बता दें हाल ही में उनका गाना वो चांद कहां से लाओगी रिलीज हुआ है। जिसमें वो एक्टर मोहसिन खान के साथ नजर आ रही हैं। इसके अलावा उर्वशी को लस्ट बार फिल्म वर्जिन भानुप्रिया में देखा गया था। फिल्म में उनके अपोजिट गौतम गुलाटी नजर आए थे और अर्चना पूरन सिंह ने उनकी मां का किरदार निभाया था। इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म्स जी5 पर रिलीज किया गया था।

# कोरोना के दौर में पहली बंपर ओपनिंग वाली फिल्म बनी मास्टर

साउथ सिनेमा के सुपरस्टार्स थलापति विजय और विजय सेतुपति स्टारर एक्शन-थ्रिलर मास्टर ने पहले दिन इंडिया और ओवरसीज के सिनेमाघरों को मिलाकर कुल 53 करोड़ का कलेक्शन किया है। एग्जीबिटर विषेक चौहान कहते हैं, यह फिगर हर किसी की उम्मीद से बढ़कर है। 53 करोड़ का कलेक्शन तब हुआ है, जब सिनेमाघरों में ऑक्युपेंसी महज 50 फीसदी है। उस पर कोरोना के डर का माहौल भी है। विषेक ने आगे बताया, हमने उम्मीद की थी कि इंडिया में कलेक्शन 27-30 करोड़ का रह सकता है। लेकिन यह आकंड़ा 42 करोड़ का रहा। ओवरसीज मार्केट ने 11 करोड़ का कलेक्शन किया। यह सब तब है, जब फिल्म सिर्फ साउथ इंडिया की भाषाओं (तमिल, तेलुगु और कन्नड़) में रिलीज हुई है। अभी हिंदी वर्जन में नॉर्थ के सिनेमाघरों का कलेक्शन तो आना बाकी ही हैं। बकौल विषेक, साउथ में तमिलनाडु में हमारा प्रीडिक्शन 15 से 20 करोड़ का था। आंध्रा और तेलंगाना में 5 से 6 करोड़, कर्नाटक में 3 तीन करोड़ और केरल में दो से तीन करोड़ का था। नॉर्थ से हमारी उम्मीदें डेढ़ करोड़ के ओपनिंग की थीं। लेकिन जब सिनेमाघरों से पहले पहले दिन के कलेक्शन की रिपोर्ट आई तो नतीजे अनुमानों से कई गुना ज्यादा रहे। तमिलनाडु में ओपनिंग डे कलेक्शन 25 से 27 करोड़ का रहा। आंध्रा और तेलंगाना में फिल्म ने 9 से 10 करोड़ की ओपनिंग रजिस्टर की। केरल में 3 और कर्नाटक में 4 करोड़ का कलेक्शन रहा। इस तरह हिंदुस्तान में फिल्म ने करीब 42 करोड़ का कलेक्शन किया। मास्टर की रिलीज के बाद ट्रेड एनालिस्ट तरन आदर्श ने सोशल मीडिया पर लिखा था, यह बॉक्स ऑफिस पर सुनामी है। मास्टर को जबरदस्त शुरूआत मिली है। सिर्फ दोबारा साबित होना बाकी है। दर्शक जो देखना चाहते हैं, आप उन्हें वह दीजिए, वे आपको कभी निराश नहीं करेंगे। बेहतर तरीके से बनाए मनोरंजन को बड़े पर्दे पर देखने का चार्म कभी बंद नहीं होगा। फिल्म में विजय और विजय सेतुपति के अलावा मालविका मोहनन, शांतनु भाग्यराज, अर्जुन दास और नसीर की भी अहम भूमिका है। डायरेक्टर लोकेश कनागराज और को-राइटर रत्न कुमार ने भी फिल्म में स्पेशल अपीयरेंस दी है।

# कच्ची शराब पर आबकारी विभाग की छापामार कार्यवाही





**दबोह(अर्पित गुप्ता)।** मप्र के मुरैना में हुए कच्ची शराब पीने से लोगों की मौत के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया है।मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के आदेश के द्वारा प्रदेश में चलाये जा रहे शराब माफियाओ के खिलाफ अभियान के बाद आबकारी विभाग ने दबोह में बन रही कच्ची शराब के अड्डे पर दस्तक दी।जिसके बाद मौके पर आबकारी विभाग ने बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बरामद की।दबोह के इतिहास में आबकारी के विभाग के द्वारा कच्ची शराब माफियाओ के ऊपर अभी तक की सबसे बड़ी की गई है।यहां बता दें कि दबोह और अमाहा के बीच बम्बा पर बर्षो से कच्ची शराब बनाने का कारोबार बड़े ही जोरो से एक बिशेष

## बड़ी मात्रा में जमीन से खुदाई कर निकाली शराब

समुदाय(कंजरो)के द्वारा किया जा रहा था।इनके द्वारा निर्मित शराब से स्थानीय व क्षेत्र के नव युवा नशे के आदि होते जा रहे थे क्योंकि इनके द्वारा 20 रुपये के रूप में एक थैली शराब लोगो को उपलब्ध कराई जाती थी।जिसपर आबकारी विभाग ने मय जिला पुलिस बल के जेसीबी से खुदाई कर जमीन में गढ़े ड्रमों को निकलवाया व भारी मात्रा में कच्ची शराब जप्त की।

बड़ी मात्रा में पकड़ा कच्ची शराब का जखीरा

दबोह में छापामार कार्यवाही के दौरान आबकारी विभाग ने मय जिला पुलिस बल के साथ रेहकोला देवी मन्दिर के पास कच्ची शराब नष्ट की।इस दौरान आबकारी विभाग ने मौके से लगभग 1000 लीटर शराब जप्त की जिसमे से जमीन से गढ़ी हुई शराब की खुदाई कर निकालने में कुछ ड्रम मौके पर ही टूट गए जिनमे भरी कच्ची शराब नष्ट हो गई व शेष ड्रमों को जप्त कर साथ ले गए।

**नगर में धड़ल्ले से फलफूल रहा था कच्ची शराब का व्यापार**-दबोह व अमाहा के बीच कच्ची शराब का यह व्यापार काफी जोरो से चल रहा था।यहां बताना मुनासिब होगा कि दबोह नगर में कच्ची शराब बनाने के लिए लोहपीटो ने नगर में दो जगह अपना अड्डा बनाया था जिसमे से नगर में एक करधेन तालाब तो दूसरा माँ रहकोला देवी मंदिर के पास अपना अड्डा बनाया है।जहां पर बड़ी मात्रा कच्ची शराब बड़े पैमाने पर तैयार होकर खुलेआम विक्रय की जा रही थी।इस कच्ची शराब सीधा असर लोगो की जिंदगी पर होता है फिर भी नगरीय पुलिस प्रशासन शांत बना हुआ था।यहां बताना मुनासिब होगा कि अब तक आवकारी विभाग व दबोह पुलिस द्वारा कार्यवाही के नाम पर सिर्फ औपचारिकताएँ ही पूरी की जा रही थी।जब मप्र के मुरैना में जब इतनी बड़ी घटना हो गई उसके बाद प्रशासन चेता और शुक्रवार को आबकारी विभाग ने इतनी बड़ी कार्यवाही कर डाली।जानाकरी के मुताबिक करधेन तालाब के बीचों बीच बसता है जहां पर भी कच्ची शराब बनाने का अड्डा है फिर भी इनपर अब तक कोई कार्यवाही नही।जिससे साफ स्पष्ट है कि यह लोग कंजर शराब का विक्रय या तो पुलिस की देखरेख में कर रहे हैं या फिर इनके हौशले बुलंद है..?

**दबोह पुलिस के गाल पर आबकारी विभाग का करारा तमाचा**-यहां बताना मुनासिब होगा कि दबोह में कच्ची शराब बनाने वालों पर आवकारी विभाग यह कार्यवाही लगभग 4 से 5 घण्टे लगातार चलती रही पर दबोह थाना प्रभारी कार्यवाही के अंत मे मौके पर उपस्तिथि दर्ज कराने के लिए पहुंचे।इतनी बड़ी कार्यवाही हुई परन्तु दबोह थाना पुलिस ने इस कार्यबाही से दूरी बना कर रखी।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह भी बताया जा रहा कि यह कच्ची शराब बनाने का यह कारोबार स्थानीय पुलिस की देखरेख से जारी था जिस पर अभी तक सिर्फ कार्यवाही के नाम पर औपचारिकताएँ की जा थी।अगर स्थानीय पुलिस समय रहते पहले ही इनपर कार्यबाही कर देती तो आज इतनी बड़ी मात्रा में शराब नही पाई जाती।यहां बता दें कि आबकारी विभाग के द्वारा की गई इस कार्यबाही ने दबोह पुलिस के मुंह पर करारा तमाचा मारा है।

**स्थानीय पुलिस ने की थी कार्यवाही फिर भी इतनी बड़ी मात्रा में शराब हुई बरामद**-यहां बताना मुनासिब होगा कि गुरुवार को ही स्थानीय थाना पुलिस दबोह ने गोरा के पास बरथरा मोड़ पर 5 लीटर कच्ची शराब के साथ एक युवक को पकड़ा था जिसपर कार्यवाही की गई।बड़ी बात तो यह निकलकर आ रही है कि नगर में इतने बड़े पैमाने पर कच्ची शराब का व्यापार चल रहा था परन्तु स्थानीय पुलिस ने अब तक कार्यवाही नही की।जिसके बाद आवकारी विभाग ने मय जिला पुलिस बल के साथ जेसीबी से खुदाई कर कार्यवाही कर डाली।

**सम्पूर्ण कार्यवाही में कौन कौन रहा मौजूद**-कच्ची शराब पर हुई कार्यवाही के दौरान आवकारी विभाग डिप्टी कंट्रोलर राव कोक सिंह खेंगर,उपनिरीक्षक अजीत यादव,उपनिरीक्षक नरेन्द्र कुमार प्रजापति,प्रधान आरक्षक बेद प्रकाश दुबे,रामेश्वर दयाल शर्मा,यदुनाथ सिंह तोमर,हरिओम शर्मा,शिरोमणि सिंह,राकेश कुशवाह,वृजेश जयंत,महिला आरक्षक चंद्रकला दौहरे के साथ पुलिस बल लाइन व दबोह थाना पुलिस बल मौजूद रहा।

**इनका कहना**

मुख्यमंत्री जी के आदेशानुसार सभी जगह कच्ची शराब बनाने वालों पर कर कार्यवाही की जा रही है साथ ही भट्टियों को नष्ट भी किया जा रहा है।इस कार्यवाही के बाद भी अगर कोई सूचना मिलती है तो उसपर भी कार्यवाही की जाएगी।

**अवनीश बंसल**
**एसडीओपी लहार**

पूर्व में भी शिकायत मिलने पर कच्ची शराब बनाने वालो पर मामले दर्ज हुए हैं।वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर आज दबोह में बड़ी कार्यवाही हुई है।इसके अलावा भी अगर सूचना मिलती है तो कार्यवाही की जायेगी।

**नरेंद्र कुमार प्रजापति**
**उपनिरीक्षक आबकारी विभाग**

## एलएनटी मशीन कर रही जल लाईनें ध्वस्त, मुहल्लेवासी परेशान



**मऊरानीपुर (झाँसी)** नगर के मुहल्ला गाँधीगंज के लोग एक सप्ताह से भी अधिक समय हो जाने के बाबजूद भी जल के संकट से गुजर रहे है। जिसकी सूचना जब जल विभाग को दी गयी । तो जानकारी मे आया कि सडक निर्माण कार्य में पीडब्ल्यूडी द्वारा एलएनटी मशीन ने लाईन को तोड दिया है। जिसके सम्बन्ध में मुहल्ला गाँधीगंज के लोगों को सर्दी की लहर में अपने सुबह से ही बर्तन खटखटाना पड रहे है। जिसके चलते जल विभाग के जेई का गम्भीरता पूर्वक लोगों ने ध्यान आकृष्ट कराया। जिसके चलते जल विभाग से जेई ओमप्रकाश पटेल ने संज्ञान में लेते हुये जब सडक निर्माण कार्य में लाईनें टूटने से अवगत कराया गया तो जो सडक निर्माण करा रहे कर्मचारी झगडा करने पर आमदा हो गये। जिसकी सूचना जल विभाग द्वारा तत्काल उपजिलाधिकारी मऊरानीपुर व कोतवाली प्रभारी को दी गयी। साथ ही बताया गया कि बाईपास रोड पर पीडब्लूडी विभाग द्वारा एलएनटी मशीन चलायी जा रही है। जो लगातार जल की लाईनों को क्षतिग्रस्त कर रही है। इन लोगों से कहा गया तो ये झगडा करने में आमदा हो गये। वही मुहल्ला गाँधीगंज के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। इसी के चलते सडक निर्माण में लाईनों को तोडने से रोकने व इन पर कार्यवाही करने की माँग की गयी। जिससे मुहल्ले के लोग सुख चैन की साँस ले सके।

## पुलिस ने कच्ची शराब के डेरा पर की छापामारी



मऊरानीपुर (झाँसी) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी के निर्देशन में लगातार चलाये जा रहे छापामारी अभियान में एक बार फिर पुलिस क्षेत्राधिकारी मऊरानीपुर डॉ. अभिषेक कुमार राहुल के नेतृत्व में लहचूरा पुलिस व आवकारी टीम ने थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्राम इटायल डेरा के कच्ची शराब के ठिकानों पर बडी कार्यवाही की। जिसमें 565 लीटर कच्ची शराब बरामद व 5 हजार किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। व बनाने के उपकरणों को भी जेसीबी मशीन से नष्ट किया गया । साथ ही 4 लोगों पर कार्यवाही की गयी। पुलिस की इस कार्यवाही से क्षेत्र में अवैध कार्य करने वाले लोगों में हडकम्प मचा रहा।

## इलैक्ट्रॉनिक मीडिया ने किया श्रंद्वाजलि सभा का आयोजन



**मऊरानीपुर (झाँसी)** नगर के इलैक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें युवा पत्रकार प्रदीप कुमार के पिता स्व. रामकुमार श्रीवास की तीसरी पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुये उन्हें याद किया गया । जो कि मऊरानीपुर के वरिष्ठ पत्रकार के साथ बहुजन समाज पार्टी में झाँसी जिले के जिला प्रभारी भी रहे। इस मौके पर पत्रकारों में विनोद सोनी, जगदीश , धर्मेन्द्र परिहार, पवन कुमार, नेहा श्रीवास, शैलेन्द्र धमैनिया, पुष्पेन्द्र श्रीवास, रोहित प्रजापति, संतोष आर्य सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

## काँग्रेसजनों ने दुर्घटना में मृत एवं घायल हुये युवकों के परिजनों को बँधाया ढाँडस



**मऊरानीपुर (झाँसी)** नगर में विगत दिन हुयी एक भीषण दुखद दुर्घटना जिसमें 4 की मौत व 4 गम्भीर रुप से घायल हो गये। जिसमें ये सभी लडके मऊरानीपुर के कुरैचा नाका मुहल्ले के है। जो मैहर देवी माँ के दर्शन करने के लिये जा रहे थे। जिनका झाँसी खजुराहो राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार एवं डम्फर की भिडन्त हो गयी। जिसमें कार में ये 8 लडके सवार थे। जिसमें 4 की मौत तो 4 घायलों का झाँसी व ग्वालियर भेजा गया था जहाँ पर उपचार चल रहा है। जिसमें मृतकों में आकाश रैकवार पुत्र मूलचन्द्र, कृष्णकान्त उर्फ कल्लू पुत्र घनश्याम, धीरेन्द्र पुत्र धनसिंह आर्य, ओमप्रकाश आर्य उर्फ बटु पुत्र जंगली आर्य है। व घायलों में राकेश आर्य, दीनदयाल रैकवार, गोलू रैकवार एवं सौरभ यादव है। पीडितों के घर पहुँचे काँग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ताओं ने मृतकों के घर शोक संवेदना व्यक्त की तो वही घायलों के परिजनों से मुलाकात की। इस मौके पर भगवान दास कोरी जिला अध्यक्ष झाँसी, जगदीश वर्मा नगर अध्यक्ष मऊरानीपुर, सुरेश नगाइच पूर्व जिला प्रभारी काँग्रेस सोशल मीडिया, हनीफ मलिक पूर्व सचिव, बाबूलाल बामौर वाले, जगदीश आर्य आदि लोग रहे।

## श्री गहोई समाज का गहोई दिवस कल (17 जनवरी को)

**मऊरानीपुर (झाँसी)** श्री गहोई वैश्य पंचायत के तत्वाधान में कल 17 जनवरी को अपरान्ह 1 बजे श्री गहोई धर्मशाला स्थित गौरीशंकर भवन में गहोई दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा। गहोई समाज के सरपंच ओमप्रकाश मोदी काका जी ने यह जानकारी देते हुये बताया कि कार्यक्रम में ध्वजारोहण, खिचडी सहभोग, प्रसाद वितरण व साामाजिक विमर्श आदि होगा। गहोई समाज के सरपंच मोदी जी ने गहोई समाज के लोगों से गहोई दिवस पर होने वाले आयोजन में समय से उपस्थित होने की अपील की गयी। यह उक्त जानकारी श्री गहोई समाज के सरपंच ओमप्रकाश मोदी ने दी।

## जन अधिकार पार्टी का कार्यक्रम कल (17 जनवरी को)

**मऊरानीपुर (झाँसी)** जन अधिकार पार्टी के तत्वाधान में कोरोना जाग्रति अभियान एवं कार्यकर्त्ता सम्मेलन कल 17 जनवरी 2021 रविवार को अपरान्ह 11 बजे माँ भद्रकाली मन्दिर के पास ग्राम भदरवारा में किया जायेगा। जिसके मुख्य अतिथि कृष्ण नारायण कुशवाहा बुन्देलखण्ड प्रभारी, आर. डी. फौजी जिला अध्यक्ष, मधु कुशवाहा जिला अध्यक्ष महिला सभा, दीनदयाल निषाद जिला प्रभारी निषाद समाज रहेगें। यह उक्त जानकारी कैलाश नारायण कुशवाहा ब्लॉक अध्यक्ष व रामदास कुशवाहा (टिकरी वाले) नगर अध्यक्ष मऊरानीपुर ने दी।

## महिला ने विषाक्त पदार्थ पिया

**मऊरानीपुर (झाँसी)** महिला ने विषाक्त पदार्थ पी लिया। प्राप्त विवरण में जानकी कुशवाहा (24) पत्नी प्रेमचन्द्र निवासी चुरारा को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। हालत में सुधार न होने पर झाँसी रिफर कर दिया गया।

## भाजपा कि वरिष्ठ नेत्री ने दिये मंदिर निर्माण को एक लाख इक्कीस हजार

**ठाकुरदास लोधी**



**पिछोर।** कि नवप्रभा पडेरिया ने दी राम मंन्दिर निर्माण कार्य को एक लाख इक्सि हजार कि राशि और उन्होने कहा कि आज राम मंदिर निर्माण कार्य प्रारंम्भ होने जा रहा है और इस कार्य मे मेरे दूबारा योगदान होने से मे अपने आप को गौरबानबित महसूस कर रही हूं। यहा बता दे कि पूर्ब मे बह जिला पंचायत सदस्य रह चुकि है जो जिला पंचायत मे अकसर चर्चाओ मे रही है जहा अधिकारीयो को समय पर काम न करने पर डाटना या उन पर सियाही छिडक कर बिरुध जताना आम बात हो चली थी एवं भा ज पा के पदो पर भी संगठन मे सेबाये दी है इस मौके पर उन्के चरन जीब पुत्र बिजय पडेरिया शंक्कर पडेरिया एवं बिध्याशंकर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## बसपाईयों ने वरिष्ठ नेता को दी श्रंद्वाजलि

**मऊरानीपुर (झाँसी)** नगर मऊरानीपुर में एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें स्व. रामकुमार श्रीवास की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रंद्वाजलि अर्पित की गयी। वक्ताओं ने रामकुमार श्रीवास के जीवन से अवगत कराया। जिसमें बताया गया कि आप बहुजन समाज पार्टी में झाँसी जिले के वरिष्ठ नेता जो कि जिला के अनेक पदों पर रहे। और मिशन के सच्चे साथी थे। बैठक में हरिमोहन श्रीवास, विशाल बाबू जी, अखंड, डॉ. रमणीक भजन नेता, सचिन कुमार, सूरज अहिरवार, प्रदीप श्रीवास, कौशल कुमार साथ ही अनेक कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## विभिन्न सड़क दुर्घटना में छः घायल

**मऊरानीपुर (झाँसी)** विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में छः व्यक्ति घायल हो गये । प्राप्त विवरण में हरीमोहन (27) पुत्र राजाराम, प्राची (9) पुत्री हरीमोहन, लक्ष्मी (25) पत्नी हरीमोहन, अरनव (7) पुत्र हरीमोहन निवासी मारकुँआ , भाला (55) पुत्र तिजू निवासी बिजौरा, अशोक (39) पुत्र पुन्नू लाल निवासी गोपालगंज को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। भाला को छोडकर शेष सभी की हालत में सुधार न होने पर झाँसी रिफर कर दिया गया।

## नगर में धूमधाम तरीके के साथ मनाया गया मकर संक्रान्ति का त्यौहार




**मऊरानीपुर (झाँसी)** मकर संक्रान्ति का पर्व बडे उत्साह के साथ मनाया गया। लोगों ने सपरार बाँध, सुखनई नदी, दुनये, वाजपेई तालाब, देवरी बाँध आदि स्थानों पर जाकर डूबकी लगाकर स्नान किया। तथा वे परिवार सहित प्रयागराज, ओरछा, चित्रकूट , कुण्डेश्वर, जटाशंकर, केदारेश्वर आदि स्थानों पर भी गये। उन्होने मन्दिरों में पूजा अर्चना कर गरीबों को खिचडी का दान किया। कई स्थानों पर मेलों का भी आयोजन किया गया। ग्राम रौनी स्थित केदारेश्वर मन्दिर परिसर में लगे मेले में काफी भीड देखने को मिली। बच्चों व महिलाओं ने मेले में जमकर खरीददारी कर आनन्द उठाया। बाजारों में तिली, तेल , लड्डू, मिट्टी खिलौना , फूलमाला आदि की जमकर बिक्री की गयी। बाजारों में भारी भीड व चहल- पहल देखने को मिली। जिससे मकर संक्रान्ति का पर्व बडे उत्साह व शान्ति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। वही स्थानीय अफसर उपजिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक कुमार राहुल व कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह मय फोर्स के नगर एवं क्षेत्र में दस्तक देते देखे गये। वही पुलिस व्यवस्था चप्पे - चप्पे पर तैनात देखी गयी।

## मकर संक्रान्ति के अवसर पर काँग्रेस नेत्री ने बिस्कुट किये वितरण



**मऊरानीपुर (झाँसी)** मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर काँग्रेस नेत्री मीना आर्य ने ग्राम सुन्दरपुरा व कगर में बच्चों को बिस्कुट वितरण कर मकर संक्रान्ति का पर्व मनाया। जिसमें सैकडों बच्चों ने बिस्कुट प्राप्त की। वितरण कार्यक्रम लगातार कई घण्टों चलता रहा। साथ ही गरीब एवं अनाथ बच्चों को वितरण कर उनका जोरदार पुण्य लाभ लिया। जिससे गरीब एवं अनाथ बच्चों में काफी उत्साह एवं खुशी देखी गयी। इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष काँग्रेस जलालउद्दीन निजामी आदि काँग्रेसीजन मौजूद रहे।

## किसान काँग्रेस के बैनर तले हुयी किसान पंचायत, सुनी समस्यायें



**मऊरानीपुर (झाँसी)** उत्तर प्रदेश किसान काँग्रेस के बैनर तले आज चुरारा के पठाई में समस्याओं को लेकर किसान पंचायत आयोजित की गयी। जिसमें लगभग 500 आबादी वाला गाँव आज भी आने जाने के लिये तरस रहा है। रोड न होने से यहाँ के गरीब किसान परेशानी का सामना कर रहे है। बच्चे स्कूल नही जा पाते है। यहाँ न स्कूल है न पानी की टंकी है। पेयजल का भीषण संकट है। गाँव में सिर्फ2 हैण्डपम्प है। जिससे पूरा गाँव प्यास बुझा रहा है। गाँव में सरकारी योजनाओं के लिये लोग तहसील ब्लॉक के चक्कर काट रहे है। पंचायत में किसानों महिलाओं ने जिम्मेदारों के खिलाफ आज जमकर नारेबाजी की। खरी खोटी सुनाते हुये आन्दोलन की चेतावनी दी । और कहा गाँव से चुरारा तक रोड नही बना तो फिर हम लोग आन्दोलन करेगें। चक्का जाम करेगें। पंचायत को सम्बोधित करते हुये उत्तर प्रदेश किसान काँग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष शिवनारायण सिंह परिहार ने कहा कि सरकार बडे- बडे वादे करती है। सरकार कह रही है। हमने पूरे प्रदेश में रोड का जाल बिछा दिया लेकिन आज इस गाँव से चुरारा तक जिसकी लम्बाई लगभग 3 किलोमीटर से है। जो आज तक नही बना है। सरकारी वादे धरातल से गायब है। यहाँ के बच्चे, बूढे, बारिस में निकल नही पाते और बारिश में यहाँ रोड ही गायब हो जाते है। अगर जल्द रोड नही बना तो किसान काँग्रेस आन्दोलन करेगी। किसान सेवक शेखरराज बडौनिया ने कहा कि शासन किसानों की पीडा को देखते हुये जल्द रोड बनवाये और गाँव में स्कूल व पानी की टंकी बनवाये। समस्त ग्रामीणों ने एक सुर में कहा कि अगर रोड नही बनी तो आन्दोलन करेगें। इस मौके पर किशोरी लाल यादव, प्यारे लाल बेधडक, घनाराम अहिरवार, सुरेन्द्र पाल, बाबू लाल कुशवाहा, हरपाल कुशवाहा, कैलाश श्रीवास, मोजी पाल, देवी कुशवाहा, घप्पू कुशवाहा, जगमोहन कुशवाहा, पन्ना लाल कुशवाहा, कस्तुरी कुशवाहा, हीरा बाई, सुखा देवी, फूलवती, रामचन्द्र बुढिया, रामाधार निषाद आनन्द सिंह सचिव आदि सैकडों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# थाईलैंड ओपन में भारत की चुनौती समाप्त: सेकंड राउंड में हारकर बाहर हुई साइना

- श्रीकांत इंजरी की वजह से टूर्नामेंट से हटे

बैंकॉक ■ एजेंसी

भारत की स्टार बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत थाईलैंड ओपन से बाहर हो गए हैं। साइना को सेकंड राउंड में बुसानन ओंगबामरुंगफान ने 23-21, 14-21, 16-21 से हराया। वहीं, वर्ल्ड नंबर-14 किदांबी श्रीकांत भी काफ मसल इंजरी के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। वर्ल्ड नंबर-20 साइना ने वर्ल्ड नंबर-12 बुसानन के खिलाफ पहला गेम 23-21 से अपने नाम किया। इसके बाद बुसानन ने शानदार वापसी की और बाकी दोनों गेम्स में जीत हासिल की। पहले राउंड में साइना ने मलेशिया की किसोना सेल्वादुरई को 21-15, 21-15 से हराया था।

साइना की हार के साथ ही थाईलैंड ओपन के वुमन्स सिंगल्स कैटेगरी में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। पीवी सिंधु मंगलवार को पहले राउंड के मुकाबले में वर्ल्ड नंबर-18 डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट ने 21-16, 24-26, 13-21 से हारकर बाहर हो गईं थीं। वहीं, गुरुवार को ही श्रीकांत का मुकाबला वर्ल्ड नंबर-10 मलेशिया के ली जी जिया से होना था। चोट की शिकायत के बाद मलेशियाई खिलाड़ी को वॉकओवर दिया गया और वह अगले राउंड में पहुंच गए। श्रीकांत ने बुधवार को पहले राउंड के मुकाबले में भारत के ही सौरभ वर्मा को हराया था। उन्होंने 31 मिनट तक चले मुकाबले में वर्ल्ड नंबर-30 सौरभ को 21-12, 21-11 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई थी। थाईलैंड ओपन में मेन्स सिंगल्स से भारत के सभी खिलाड़ी बाहर हो चुके हैं। वर्ल्ड नंबर-28 एचएस प्रणय को पहले राउंड के मुकाबले में ली जी जिया के हाथों 21-13, 14-21, 8-21 से हार का सामना करना पड़ा था। यह मुकाबला 55 तक खेला गया। वहीं, समीर वर्मा को इंडोनेशिया के शेसर हिरेन रूस्तावितो ने 37 मिनट तक चले मुकाबले में 21-15 21-17 से हराया। पारुपल्ली कश्यप पहले दौर के मुकाबले को बीच में ही छोड़कर रिटायर हो गए। कश्यप कनाडा के एंथोनी हो शुए के खिलाफ कोर्ट पर उतरे थे।





### अन्य मुकाबलों के नतीजे

- मिक्स्ड डबल्स में भी भारत की चुनौती समाप्त हो गई। गुरुवार को भारत के अश्विनी पोनप्पा और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी को हॉन्गकॉन्ग के चेंग टाक चिंग और विंग युंग की जोड़ी ने 21-12, 21-17 से मात दी।
- सात्विक-चिराग मेन्स डबल्स से बाहर हो गए। उन्हें इंडोनेशिया के मोहम्मद एहसान और हेंड्रा सेतियावान की जोड़ी ने 34 मिनट तक चले मैच में 21-1, 21-17 से मात दी।
- एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। मलेशिया की जोड़ी योंग येव सिन और तोए ईए ने उन्हें 21-13, 8-21, 22-24 से शिकस्त दी।
- मनु अत्री और बी सुमित रेड्डी की जोड़ी भी हारी। थाईलैंड के वीराफत फाकजारूंग और वोंगसाथोर्न थोंगकाम की जोड़ी ने 28 मिनट में भारतीय जोड़ी को 21-19 21-14 से हराया।
- मिक्स्ड डबल्स में बी. सुमित रेड्डी और और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी भी बाहर। उन्हें पहले राउंड में तेंग चुन मान और त्से यिंग सुएट की जोड़ी ने 22-20, 21-17 से हराया।

## न्यूज. ब्रीफ

### आस्ट्रेलियाई ओपन से पहले कोरोना पॉजीटिव पाए गए एंडी मर्रे



**लंदन।** स्टार टेनिस खिलाड़ी एंडी मर्रे को आस्ट्रेलियाई ओपन के लिये ब्रिटेन से रवाना होने के एक दिन पहले कोरोना वायरस परीक्षण में पॉजीटिव पाया गया है। इस घटना की जानकारी रखने वाले व्यक्ति ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि यह तीन बार का ग्रैंडस्लैम चैंपियन अपने घर पर ही पृथकवास पर है और उन्हें अब भी आस्ट्रेलियाई ओपन में खेलने की उम्मीद है। मर्रे को वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। आस्ट्रेलियाई ओपन कोविड-19 प्रतिबंधों के कारण तीन सप्ताह की देरी से आठ फरवरी को शुरू होगा। खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ के लिये आस्ट्रेलिया पहुंचने पर 14 दिन पर पृथकवास पर रहना अनिवार्य है।

### कश्मीर एफसी के खिलाफ दूसरी जीत दर्ज करना चाहेगा चेन्नई सिटी

**कोलकाता।** पूर्व चैम्पियन चेन्नई सिटी एफसी शुक्रवार को अपने दूसरे आई लीग मुकाबले में जब रीयल कश्मीर से भिड़ेगा तो वह विजयी शुरूआत का फायदा उठाना चाहेगा। चेन्नई सिटी ने आई लीग अभियान गोकुलम केरला पर 2-1 की जीत से किया लेकिन कोच सत्यसागर का मानना है कि रीयल कश्मीर के खिलाफ मुकाबला अलग तरह का होगा। हालांकि रीयल कश्मीर ने टीआरएयू से 1-1 से ड्रा खेला था लेकिन उनका प्रदर्शन काफी शानदार रहा था। सत्यसागर ने कहा, ह्यरीयल कश्मीर काफी मजबूत टीम है और हमें कड़े मुकाबले की उम्मीद है लेकिन हम जल्दी गोल करके बढ़त हासिल करना चाहेंगे।'

### अंकिता ऑस्ट्रेलियाई ओपन क्वालीफायर में हारी

**मेलबर्न।** भारत की अंकिता रैना ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के आखिरी दौर में सर्बिया की ओल्गा डानिलोविच से हार गई। इससे अंकिता का ऑस्ट्रेलियाई ओपन के ग्रैंडस्लैम एकल मुख्य ड्रॉ में खेलने का सपना एक बार फिर पूरा नहीं हो पाया है। अंकिता को दुबई में चल रहे महिला एकल क्वालीफायर के तीसरे और आखिरी दौर में सर्बियाई खिलाड़ी ने दो घंटे में 6-2, 3-6, 6-1 से हराया। अंकिता अपनी पहली सर्विस पर अंक नहीं बना पाई जिसका उन्हें नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि उनकी प्रतिद्वंद्वी ने अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाया। अंकिता ने कहा, ह्यहम दोनों ने अच्छी टेनिस खेली। पहले सेट में शीर्ष स्तर का खेल हुआ। वह अच्छी सर्विस कर रही थी और अपनी सर्विस पर अंक बना रही थी।' उन्होंने कहा, ह्यदूसरे सेट में मैं उसकी सर्विस को अच्छी तरह से समझने लगी और मैंने जवाबी रिटर्न किए जिसका मुझे फायदा मिला। उसने तीसरे सेट में शुरू से ही अच्छी सर्विस करके 3-0 से बढ़त बनाई। उसके स्ट्रोक और सर्विस तेज थे। मैंने हालांकि आखिर तक हार नहीं मानी और मुझे इस पर गर्व है।'

### सोफी ने महिला क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाया


**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान सोफी डिवाइन ने टी20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने का रिकार्ड अपने नाम किया है। सोफी ने घरेलू सुपर स्मैश प्रतियोगिता के दौरान केवल 36 गेंदों पर ही शतक लगा दिया। इसी के साथ ही सोफी ने महिला टी20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने के वेस्टइंडीज की खिलाड़ी डिंड्रा डॉटिन का एक दशक पुराना रिकार्ड भी तोड़ दिया। डिंड्रा ने साल 2010 में 38 गेंदों पर ही टी20 का सबसे तेज शतक लगा दिया था। कीवी क्रिकेटर ने अपनी पारी के दौरान 9 छक्के और 9 चौके लगाते हुए 108 रन बनाये जिससे वेलिंगटन ब्लेज ने ओटैगो स्पार्क्स पर 10 विकेटों की जीत दर्ज की। इससे पहले सोफी 14 दिनों के पृथकवास में थी। इस क्रिकेटर के अनुसार इस प्रकार वह मैदान में उतरते समय कुछ घबरायी हुई थीं। साथ ही कहा जब भी आपके पास खेल से थोड़ा सा बड़ा ब्रेक होता है, तो आप घबरा जाते हैं कि क्या आप इसमें वापसी हो सकती हैं।

**निर्णायक टेस्ट आज से:** ब्रिस्बेन में मेजबान 32 साल से नहीं हारे

# भारत के पास ऑस्ट्रेलिया से लगातार तीसरी टेस्ट सीरीज जीतने का मौका

ब्रिस्बेन ■ एजेंसी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 4 टेस्ट की सीरीज का आखिरी और निर्णायक मुकाबला कल से ब्रिस्बेन में खेला जाएगा। फिलहाल सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। ऐसे में टीम इंडिया के पास ऑस्ट्रेलिया से लगातार तीसरी टेस्ट सीरीज जीतने का मौका है। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को फरवरी 2017 और दिसंबर 2018 में खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शिकस्त दी थी। विराट कोहली की कप्तानी में टीम इंडिया ने 2018 में इतिहास रचा था और पहली बार ऑस्ट्रेलिया को उसी के घर में टेस्ट सीरीज में शिकस्त दी थी। हालांकि, यह मैच भारत के लिए आसान नहीं होने वाला, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड ब्रिस्बेन में शानदार है। कंगारू टीम यहां पिछले 32 साल से कोई भी टेस्ट मैच नहीं हारी है।





### ब्रिसबेन टेस्ट में पुकोवस्की की जगह हैरिस शामिल

ब्रिस्बेन। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार से यहां ब्रिस्बेन में शुरू हो रह चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए अपनी टीम में युवा बल्लेबाज विल पुकोवस्की की जगह मार्कस हैरिस को शामिल किया है। पुकोवस्की तीसरे टेस्ट के दौरान चोटिल हो गये थे। वह अभी तक फिट नहीं हुए है। इसी कारण अन्हें अंतिम टेस्ट के लिए टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं टीम में शामिल हैरिस बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और घरेलू क्रिकेट में विक्टोरिया की ओर से खेलते हैं। पुकोवस्की को सिडनी टेस्ट मैच में फील्डिंग के दौरान कंधे में चोट लग गई थी। पुकोवस्की मैच के आखिरी दिन गेंद को रोकने के प्रयास में मैदान पर गिर गए थे। इसके बाद उन्हें स्कैन के लिए ले जाया गया था। कोच जस्टिन लैंगर ने भी कहा था कि पुकोवस्की का ब्रिस्बेन में खेलना संभव नहीं है। पुकोवस्की टीम के साथ ब्रिसबेन गए हैं पर उन्होंने ट्रेनिंग नहीं की है। हैरिस इस मैच में मैथ्यू वेड की जगह पारी की शुरूआत करेंगे। साल 2019 की एशेज सीरीज के बाद यह उनका पहला टेस्ट होगा। वहां भी उन्हें कैमरन ब्रैंक्रॉफ्ट के विकल्प के तौर पर लाया गया था। उस सीरीज में भी वह छह पारियों में केवल 58 रन ही बना पाए थे। हैरिस शुरूआत में टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं थे पर पुकोवस्की और डेविड वॉर्नर के चोटिल होने से उन्हें दल में शामिल किया गया। हैरिस शेफील्ड शील्ड में विक्टोरिया की ओर से पुकोवस्की के साथ पारी की शुरूआत करते हैं।

### ब्रिस्बेन में 32 साल से अजेय ऑस्ट्रेलिया

मेजबान ऑस्ट्रेलिया 32 साल से ब्रिस्बेन में कोई टेस्ट नहीं हारी है। पिछली बार उसे ब्रिस्बेन में नवंबर 1988 में वेस्टइंडीज ने 9 विकेट से हराया था। उसके बाद से अब तक ऑस्ट्रेलिया ने ब्रिस्बेन में 31 टेस्ट खेले, जिसमें से 24 जीते और 7 ड्रॉ रहे। वहीं, भारतीय टीम ने ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर अब तक 6 टेस्ट खेले, जिसमें से 5 हारे और एक ड्रॉ कराया है। भारत ने यहां पिछला मैच दिसंबर 2017 में खेला था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया 4 विकेट से जीता था।

### अब रहाणे की कप्तानी में इतिहास दोहराने का मौका

मौजूदा सीरीज के पहले मैच में टीम इंडिया को कोहली की कप्तानी में 8 विकेट से शिकस्त मिली थी। कोहली के पैटरनिटी लीव पर जाने के बाद अजिंक्य रहाणे ने कप्तानी संभाली और अगला टेस्ट 8 विकेट से जीतकर सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। सिडनी में खेला गया तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहा। ऐसे में टीम इंडिया के पास रहाणे की कप्तानी में सीरीज जीतकर इतिहास दोहराने का मौका है। रहाणे सीरीज के टॉप भारतीय स्कोरर हैं। रोहित के जुड़ने से टीम को मजबूती मिली है। ओपनिंग में शुभमन गिल भी रोहित का साथ बखूबी निभा रहे हैं। मुश्किलों में घिरी भारतीय टीम की बल्लेबाजी का दारोमदार इन तीनों बल्लेबाजों के कंधों पर ही रहेगा।

### 9 खिलाड़ी चोटिल, 6 सीरीज से बाहर

सीरीज के निर्णायक मुकाबले से पहले इंज्युरी ने टीम इंडिया की मुश्किलें बढ़ा दी है। ऑस्ट्रेलिया टूर पर अब तक 9 खिलाड़ी इंजर्ड हो चुके हैं। इनमें मोहम्मद शमी, उमेश यादव, लोकेश राहुल, हनुमा विहारी, रविंद्र जडेजा, ऋषभ पंत, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रीत बुमराह और मयंक अग्रवाल शामिल हैं। इनमें से 6 प्लेयर बुमराह, विहारी, जडेजा, राहुल, शमी और उमेश सीरीज से बाहर हो चुके हैं।

### हनुमा, जडेजा की कमी खलेगी

टीम इंडिया को मिडिल ऑर्डर में ऑलराउंडर हनुमा विहारी और रविंद्र जडेजा की कमी खलेगी। मेलबर्न टेस्ट में जडेजा ने मैच विनिंग पारी खेली थी, जबकि सिडनी टेस्ट ड्रॉ कराने में हनुमा ने ही अहम रोल निभाया था। हनुमा ने रविचंद्रन अश्विन के साथ 43 ओवर बैटिंग कर 62 रन की नाबाद पार्टनरशिप की थी।

### पुजारा और पंत पर मिडिल ऑर्डर की जिम्मेदारी

चेतेश्वर पुजारा इस सीरीज में कुछ खास नहीं कर सके हैं। हालांकि उन्होंने पिछले मैच में टीम की हार टालने में अहम भूमिका निभाई थी। हनुमा और जडेजा के बाहर होने से अब पुजारा पर मिडिल ऑर्डर की जिम्मेदारी ज्यादा होगी। उनका साथ ऋषभ पंत देते दिखेंगे। पंत चौथे टेस्ट में बतौर बल्लेबाज खेल सकते हैं। जबकि ऋद्धिमान साहा को विकेटकीपर के तौर पर शामिल किया जाएगा। ऐसे में साहा भी मिडिल ऑर्डर को मजबूती देंगे।

### अश्विन के खेलने पर सस्पेंस

गेंदबाजी में पूरा दारोमदार मोहम्मद सिराज, नवदीप सैनी पर होगा। चोटिल जसप्रीत बुमराह की जगह शार्दूल ठाकुर को मौका मिल सकता है। वहीं, स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के खेलने पर भी सस्पेंस है। ऐसे में उनकी जगह कुलदीप यादव को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया जा सकता है।

### मौसम और पिच रिपोर्ट

ब्रिस्बेन में शुक्रवार को टेस्ट के पहले दिन आसमान साफ रहने का अनुमान है। इसके बाद अगले 4 दिन बादल छाए रहने और बारिश होने की आशंका है। न्यूनतम तापमान 22 डिग्री और अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। गाबा की पिच को ऑस्ट्रेलिया में बेस्ट माना जाता है। तेज गेंदबाजों को यहां एक्स्ट्रा बाउंस मिलेगा। पिच से बल्लेबाजों को भी मदद मिलेगी।

### दोनों टीम की प्लेइंग इलेवन

**टीम इंडिया (संभावित):** रोहित शर्मा, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), ऋषभ पंत, ऋद्धिमान साहा, रविचंद्रन अश्विन, शार्दूल ठाकुर, कुलदीप यादव, नवदीप सैनी और मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया:** डेविड वॉर्नर, मार्कस हैरिस, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, मैथ्यू वेड, कैमरून ग्रीन, टिम पेन (कप्तान और विकेटकीपर), पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन और जोश हेजलवुड।

# विराट ने असम के खिलाफ जड़ा तेज शतक

बैंगलुरू ■ एजेंसी

सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान युवा खिलाड़ियों की तरफ से लगातार अच्छा प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। जहां केरल के बल्लेबाज अजहरूद्दीन ने टूर्नामेंट का दूसरा सबसे तेज शतक लगाया तो वहीं झारखंड के बल्लेबाज विराट सिंह ने भी शानदार शतकीय पारी के बदौलत अपनी टीम को जीत दिलाया। इस मैच में झारखंड की टीम ने असम को 51 रन से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए आई झारखंड की टीम को शुरूआत अच्छी नहीं रही और पहला विकेट शून्य पर गिर गया। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए विराट सिंह ने असम के गेंदबाजों की अच्छी क्लास लगाई और शतक बना दिया। विराट ने 53 गेंदों पर 103 रन की पारी खेली और इस दौरान उन्होंने 2 छक्के और 12 चौके लगाए। उनके इस शतक की बदौलत झारखंड की टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 233 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। 234 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने आई असम की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 182 रन ही बना पाई। असम टीम की तरप से रेयान पराग ने 38 गेंदों पर 67 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 7 छक्के और एक चौका लगाया। वहीं पल्लव कुमार ने भी 28 गेंदों पर 5 छक्के और एक चौके की मदद से 46 रन बनाए। लेकिन इन दोनों की आतिशी पारी टीम को जीत नहीं दिला पाई।



### जीरो पर आउट हुए रैना, उत्तर प्रदेश की लगातार तीसरी हार



**बेंगलुरू।** बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश को सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप ए में गुरुवार को यहां लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा जबकि पंजाब ने अपना विजय अभियान जारी रखकर नाकआउट में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। जम्मू कश्मीर ने मुज्तबा युसुफ (14 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी और अब्दुल समद (नाबाद 54) के अर्धशतक की मदद से उत्तर प्रदेश को 30 गेंद शेष रहते हुए 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाई गयी उत्तर प्रदेश की टीम निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 124 रन ही बना पाई। इस दौरान सुरेश रैना का खराब प्रदर्शन देखने को मिला और वह खाता भी नही खोल सके। कप्तान प्रियम गर्ग ने सर्वाधिक 35 रन बनाए।

# महज 135 रन पर ढेर हुई श्रीलंका की टीम इंग्लैंड के खिलाफ बनाया शर्मनाक रिकॉर्ड

नई दिल्ली ■ एजेंसी

श्रीलंका क्रिकेट टीम की बुरा प्रदर्शन सुधरता नजर नहीं आ रहा। साउथ अफ्रीका के खिलाफ शर्मनाक हार के बाद अपने घर पर इंग्लैंड के खिलाफ टीम गॉल टेस्ट में महज 135 रन पर सिमट गई। पहली पारी में कप्तान दिनेश चांदीमल ने सबसे ज्यादा 28 रन की पारी खेली। गॉल में श्रीलंका की टीम का यह अब तक का यह सबसे छोटा स्कोर है। श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने पहली पारी में 2 विकेट पर 127 रन बनाए। जो रूट 66 और जॉनी बेयरस्टो 47 रन बनाकर क्रीज पर हैं। पहली पारी में श्रीलंका की टीम 135 रन बनाकर आउट हो गई। इंग्लैंड की टीम फि लहाल 8 रन पीछे है। इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। डॉन बेस ने अपने पहले ही ओवर में ओपनर लहिरू थिरिमने को आउट कर श्रीलंका को पहला झटका दिया। इसके बाद ओवर की पांचवीं गेंद पर कुसल मेंडिस भी विकेट गंवा बैठे। इसके बाद टीम को एक के बाद एक लगातार झटके लगते रहे और पूरी टीम महज 135 पर सिमट गई। टीम के सिर्फ चार बल्लेबाज ही 20 रन के स्कोर तक पहुंच पाए। बेस ने 10.1 ओवर में 30 रन देकर 5 विकेट हासिल किए जबकि स्टुअर्ट ब्रॉड ने 9 ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए। श्रीलंका की टीम का गॉल टेस्ट की पहली पारी में यह सबसे छोटा जबकि मैच में बनाया गया यह दूसरा सबसे छोटा स्कोर है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2011 में टीम दूसरी पारी में महज 105 रन पर सिमट गई थी। इससे पहले भारत के खिलाफ 2008 में टीम दूसरी पारी में 136 रन पर ढेर हो गई थी।



# उछाल: बाजार नये उच्च स्तर पर पहुंचा सेंसेक्स रिकार्ड 49,584 अंक पर बंद

मुंबई ■ एजेंसी

मुम्बई शेयर में गुरुवार को फिर तेजी रही। दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), रिलायंस इंडस्ट्रीज और एलएंडटी जैसी दिग्गज कंपनियों के शेयरों में उछाल से सेंसेक्स 92 अंक ऊपर आकर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरूआती गिरावट से उबरकर 91.84 अंक करीब 0.19 फीसदी के फायदे से 49,584.16 अंक पर बंद हुआ। यह इसका नया शीर्ष स्तर है। वहीं इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 30.75 अंक तकरीबन 0.21 फीसदी के लाभ के साथ ही 14,595.60 अंक के नए रिकॉर्ड पर पहुंचकर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टीसीएस का शेयर सबसे अधिक करीब तीन फीसदी ऊपर आया। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, एलएंडटी, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और सन फार्मा के शेयरों में भी जमकर खरीददारी होने से तेजी आई है। दूसरी ओर एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और इन्फोसिस के शेयरों में हुई बिकवाली से यह गिरे हैं। माना जा रहा है कि उपभोक्ता कंपनिया (एफएमसीजी) और फार्मा कंपनी के शेयरों के कारण भारतीय शेयर बाजार दिन के निचले स्तर से उठकर लाभ के साथ बंद हुआ।



**ऑफर** ऑफर में खरीदे टिकटों से 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच यात्रा की जा सकती है

# इंडिगो एयरलाइन घरेलू ग्राहकों के लिए लाई नई सेल ऑफर

नई दिल्ली ■ एजेंसी

इंडिगो की नई सेल ऑफर में खरीदे टिकटों से 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच यात्रा की जा सकती है। एयरलाइन ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि यह ऑफर 1 अप्रैल, 2021 और 30 सितंबर, 2021 के बीच की अवधि में यात्रा के लिए कुछ चुनिंदा सेक्टर्स में नॉन स्टॉप घरेलू उड़ानों के लिए उपलब्ध है। एयरलाइन ने नहीं बताया है कि बिग फैट सेल ऑफर के तहत सीटों की संख्या कितनी होगी। लिमिटेड इन्वेंट्री ऑफर के तहत उपलब्ध है और इसलिए, छूट प्रदान की जाएगी, इन्वेंट्री की उपलब्धता और इंडिगो के विवेक के अधीन है। यह ऑफर कुछ चुनिंदा सेक्टर्स में घरेलू यात्रा के लिए वन-वे और राउंड-ट्रिप नॉन-स्टॉप उड़ानों पर लागू है। हालांकि, यह ऑफर इंडिगो की ग्रुप बुकिंग के लिए लागू नहीं है। इंडिगो वेबसाइट पर सर्च के अनुसार दिल्ली-पटना के बीच का टिकट 2,200 रुपये से शुरू होता है जबकि दिल्ली-कोलकाता रूट के टिकट 1 अप्रैल की यात्रा के लिए 2,480 रुपये में बिक रहे थे। 877 रुपये वाली प्रचार योजना के तहत, एयरलाइन दिल्ली-बेंगलुरु फ्लाइट टिकट 3,030 रुपये में दे रही है, दिल्ली-भुवनेश्वर के लिए 2,696 रुपये में। वहीं इंडसइंड बैंक कार्ड का उपयोग कर ऑफर अवधि के दौरान इंडिगो टिकट बुक करने वाले ग्राहकों को इंडसइंड बैंक 12 प्रतिशत कैशबैक अधिकतम 5,000 रुपये का ऑफर देता है। सेल ऑफर के दौरान इंडिगो उड़ानों की बुकिंग पर 3,000 रुपये की न्यूनतम बुकिंग राशि के लिए यह ऑफर है। इसके अलावा, यात्री एचएसबीसी क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके सभी किराए पर 5 प्रतिशत कैशबैक या अधिकतम 750 रुपए तक का लाभ उठा सकते हैं। यह ऑफर 3,000 रुपये की न्यूनतम बुकिंग राशि पर लागू होता है और यह प्रमोशन अवधि के दौरान प्रति कार्ड प्रति माह पहले वैलिड लेनदेन पर लागू होगा। कैशबैक गैर-हस्तांतरणीय, गैर-विनिमेय और गैर-नकदी योग्य है, और यह ऑफर ईएमआई और नन-ईएमआई लेनदेन दोनों के लिए पात्र है। इंडिगो की बिक्री ऑफर बुकिंग अवधि के दौरान सभी चैनलों के माध्यम से की जा सकती है। एयरलाइन ने कहा कि इस ऑफर को ट्रांसफर नहीं कर सकते, दूसरे से बदल नहीं सकते और यह इनकैशेबल भी नहीं है। टिकट कैंसिल करने पर 500 रुपये प्रति यात्री प्रति चार्ज लगेगा। ऑफर अवधि में यात्रा की तारीख में बदलाव करने पर 500 रुपये प्रति यात्री प्रति चार्ज लगेगा। इस बीच, नो-फ्रिल्स कैरियर स्पाइसजेट 'बुक बेफिक्र सेल !' के जरिये 899 रुपए से शुरू होने वाली में घरेलू फ्लाइट टिकट दे रही है, और यह प्रमोशनल ऑफर 17 जनवरी, 2021 को समाप्त हो जाएगा। इस ऑफर में लिए गए टिकट से 1 अप्रैल, 2021 और 30 सितंबर 2021 के बीच यात्रा के लिए वैलिड है। कोरोना में स्पाइसजेट की तरफ से ग्राहकों को लुभाने के लिए शानदार ऑफर शुरू किया गया है। इसका नाम बुक बेफिक्र सेल रखा गया है। 5 दिन की इस सेल में आपको बेहत सस्ते में हवाई टिकट बुक करने का मौका मिल रहा है।



## एक नजर...

### 12 नगरीय निकायों को फायर ब्रिगेड लेने 2 करोड़ 25 लाख रूपए स्वीकृत

**ग्वालियर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय द्वारा 12 नगरीय निकायों को नया छोटा फायर ब्रिगेड वाहन खरीदने के लिए राशि स्वीकृत कर दी गई है। फायर ब्रिगेड के लिए स्वीकृत 25 लाख रूपये में से 75 प्रतिशत राशि 18 लाख 75 हजार रूपये राज्य शासन द्वारा और शेष 25 प्रतिशत राशि सम्बधित नगरीय निकाय द्वारा वहन की जायेगी। कुल 2 करोड़ 25 लाख रूपये स्वीकृत किये गए हैं। फायर ब्रिगेड वाहन लेने के लिए नगर परिषद बडौनी जिला दतिया, अकोड़ा जिला भिण्ड, ईशागढ़ जिला आशेकनगर, जोबट जिला अलीराजपुर, जीरन जिला नीमच, माकडोन जिला उज्जैन, मझौली जिला सीधी, खरगापुर जिला टीकमगढ़, सतवास जिला देवास, बडोद जिला आगर, बदरवास जिला शिवपुरी और नगर परिषद धुवारा जिला छतरपुर को राशि स्वीकृत की गयी है।

### पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति पुरस्कार के लिये जिले के चार विद्यार्थियों का चयन

**ग्वालियर।** पिछड़ा वर्ग मेधावी छात्रवृत्ति पुरस्कार के लिए जिले के 4 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इन विद्यार्थियों का चयन 12वीं व 10वीं कक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर हुआ है। दसवीं कक्षा में चयनित विद्यार्थी को 5 हजार और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थी को 10 हजार रूपए का नगद पुरस्कार दिया जायेगा। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण से प्राप्त जानकारी के मुताबिक 12वीं कक्षा की छात्रा कु. उन्नति शर्मा भगिनी निवेदिता हायर सेकेण्ड्री स्कूल शिवनगर घोसीपुरा व सागर राय श्री कृष्णा मेमोरियल हायर सेकेण्ड्री स्कूल नौमहला ग्वालियर का चयन हुआ है। इसी तरह 10वीं कक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर रवि सिंह सिकरवार सर्वोदय आवासीय विद्यालय डीडीनगर व कु. ईशा राजपूत सेंट्रल कॉन्वेंट गर्ल्स हायर सेकेण्ड्री स्कूल सुभाषनगर ग्वालियर का चयन हुआ है।

### कलेक्टर ने जिले के लिये तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए

**ग्वालियर।** कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने वर्ष 2021 के लिये ग्वालियर जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित करने के आदेश पारित किए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने ग्वालियर जिले में होली की भाईदौज 30 मार्च 2021 मंगलवार, महारानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस 18 जून 2021 शुक्रवार एवं दीपावली की भाईदौज 6 नवम्बर 2021 शनिवार को स्थानीय अवकाश की घोषणा की है। यह अवकाश बैंक, कोषालय, उप कोषालयों पर लागू नहीं होंगे।

### सरकार अपने वायदे पर खरा उतरेगी तो उद्यमी जरूर होंगे क्लस्टर में शामिल

**ग्वालियर।** टिम्बर, पेन्ट एवं हार्डवेयर क्लस्टर बनाये जाने को लेकर आज चेम्बर भवन में सायंकाल 4.30 बजे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से सहायक प्रबंधक- अनिल श्रीवास्तव सहित टिम्बर, पेन्ट एवं हार्डवेयर उद्यमी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष विजय गोयल ने उपस्थित महानुभावों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि चेम्बर का हमेशा प्रयास रहता है कि ग्वालियर अंचल में नवीन औद्योगिक क्षेत्र स्थापित हों। कोविड-19 काल से उबरने के बाद हम नये भविष्य की ओर बढ रहे हैं। नवीन मैन्युफेक्च्रिंग क्लस्टर बनाये जाने को लेकर हम आज चर्चा कर रहे हैं। एमएसएमई मंत्री- ओमप्रकाश सकलेचा ने इसका प्रस्ताव उपचुनाव के दौरान दिया था। शासन ने इसमें कदम बढाया है, आशा है कि आप सभी से आज हुई सार्थक चर्चा के बाद इसमें आगामी कार्यवाही होगी। मानसेवी सचिव डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने सुझाव दिया कि टिम्बर एंड एलायड क्लस्टर में जितने भी ब्लॉक बनें उसके हर ब्लॉक में चाय/स्नैक के लिए जगह हो।

# माधव प्लाजा में 30 जनवरी से व्यवसायिक गतिविधियां शुरू करने पर बनी सहमति

## चेम्बर ऑफ कॉमर्स व कैट के पदाधिकारी एवं दुकानदार संभाग आयुक्त श्री सक्सेना से मिलने पहुँचे

**ग्वालियर।** माधव प्लाजा में व्यवसायिक गतिविधियाँ शुरू करने के सिलसिले में संबंधित कारोबारियों ने शुक्रवार को संभाग आयुक्त एवं प्रशासक ग्वालियर विकास प्राधिकरण श्री आशीष सक्सेना से मुलाकात की। संभाग आयुक्त के साथ हुई बैठक में संबंधित कारोबारियों ने 30 जनवरी से माधव प्लाजा में अपनी दुकानों का काम शुरू करने पर सहमति जताई। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने कारोबारियों को भरोसा दिलाया कि ग्वालियर विकास प्राधिकरण द्वारा दुकानों के संचालन में हर संभव सहयोग मुहैया कराया जायेगा। बैठक में कारोबारियों ने उन दुकानदारों की जानकारी भी दी जो माधव प्लाजा में तत्काल अपनी दुकानें शुरू करने के लिये तैयार हैं।

संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने कहा कि संबंधित व्यवसाइयों द्वारा जैसे ही अपनी दुकानें व्यवसायिक गतिविधि के लिये तैयार कर ली जायेंगीं, वैसे ही माधव प्लाजा परिसर में सीसीटीव्ही कैमरे लगा दिए जायेंगे। साथ ही मेंटीनेंस सहित अन्य बुनियादी सुविधायें भी मुहैया कराई जायेंगीं। श्री सक्सेना ने कहा कि माधव प्लाजा से जुड़े सभी व्यापारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जायेगा। उन्होंने कहा जिन कारोबारियों को दुकानें आवंटित हो चुकी हैं उन्हें ग्वालियर विकास प्राधिकरण ने बड़ी राहत दी है। दुकानदारों से बकाया राशि पर ब्याज पर ब्याज न



लेकर साधारण ब्याज लिया जायेगा। संभाग आयुक्त ने कहा कि जो दुकानदार चारों किश्त जमा कर चुके हैं वे अपने शोरूम शुरू कर सकते हैं। साथ ही यह भी कहा कि कुछ समय तक माधव प्लाजा के मेंटीनेंस की जिम्मेदारी ग्वालियर विकास प्राधिकरण निभायेगा। इसके बाद कारोबारियों की सोसायटी को यह काम सौंपा जायेगा। ग्वालियर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री के के गौर ने बैठक में जानकारी दी की पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत ग्वालियर विकास प्राधिकरण द्वारा बनाए गए माधव प्लाजा वातानुकूलित व्यावसायिक परिसर में 551 दुकानों में से सी-फेज की 36 दुकानें छोड़कर शेष 359 दुकानों का आवंटन किया जा चुका है। वर्तमान में विभिन्न आकार की 156 दुकानें बिक्री के लिये उपलब्ध हैं। यह प्रोजेक्ट रैरा में भी पंजीकृत है। माधव प्लाजा में 206 दुकानदारों द्वारा 4 किश्त, 34 दुकानदारों ने 3 किश्त, 38 दुकानदारों ने 2 किश्त, 45 दुकानदारों ने एक किश्त और 17 दुकानदारों ने पंजीयन राशि जमा की है। इसके अलावा 19 दुकानों की रजिस्ट्री (पट्टाविलेख) भी हो चुकी है। माधव प्लाजा के सी-फेज में दो मल्टीप्लेक्स बनाने की मंजूरी भी नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से प्राप्त हो चुकी है। बैठक में चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं कैट के पदाधिकारी, माधव प्लाजा से संबंधित दुकानदार, ग्वालियर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधीक्षण यंत्री सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# राज्य में किसानों के लिए 500 करोड़ के फूड प्रोसेसिंग प्लांट्स लगाए जाएँगे

**ग्वालियर।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण (स्वतंत्र प्रभार) एवं नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने विभाग के अधिकारियों को फूड प्रोसेसिंग प्लांट लगाने का कार्य इसी माह से शुरू करने के निर्देश दिये हैं। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को आत्मसात् कर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने के लिये विभागों को दिये गये विकास के रोडमेप पर उद्यानिकी विभाग द्वारा अमल शुरू कर दिया गया है। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने बताया कि हाल ही में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में अगले 4 वर्षों के लिये फूड प्रोसेसिंग प्लांट लगाने के लिये केन्द्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना में 10 हजार 500 इकाईयों के लिये 500 करोड़ की राशि का अनुमोदन किया गया है। इस योजना में केन्द्र का अंश 60 और राज्य का 40 प्रतिशत रहेगा। योजना के अंतर्गत वेयर-हाउस, इन्क्यूबेशन सेंटर, कोल्ड स्टोरेज आदि फूड प्रोसेसिंग प्लांट से जुड़ी अन्य गतिविधियाँ भी शामिल हैं। इस वित्तीय वर्ष में 262 इकाईयों को स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिन्हें मार्च अंत तक पूरा कर लिया जायेगा। फूड प्रोसेसिंग प्लांट लगाने का कार्य इसी माह से शुरू होगा। संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

**मंत्रि-परिषद से मंजूरी मिलने के बाद अधिकारियों को इसी माह से प्लांट लगवाने के निर्देश, उद्यानिकी फसलों के उत्पादन से जुड़े एक लाख लघु कृषक परिवार होंगे लाभान्वित**

### स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी 17 जनवरी को ग्वालियर आयेंगे

**ग्वालियर।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी 17 जनवरी को एक दिवसीय प्रवास पर ग्वालियर आयेंगे। डॉ. चौधरी 16 जनवरी को रात्रि में भोपाल से प्रस्थान कर मुरैना पहुँचेंगे। मुरैना में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के पश्चात दोपहर एक बजे ग्वालियर आयेंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी दोपहर 1.45 बजे से राज्यसभा सांसद श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इसके पश्चात रात्रि में ग्वालियर से भोपाल के लिये रवाना होंगे।

# सरकारी जमीन सुरक्षित करें, अतिक्रमण हुआ तो राजस्व अधिकारी होंगे जवाबदेह: श्री कुशवाह

**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर में शामिल हुए नए वार्डों सहित अन्य क्षेत्रों में सरकारी जमीन सुरक्षित करें। यदि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हुआ तो संबंधित राजस्व अधिकारी जवाबदेह होंगे। इस आशय के निर्देश उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने जिले के राजस्व अधिकारियों को दिए। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी जमीन उपलब्ध होगी तभी विकास कार्य को मूर्तरूप दिया जा सकता है। उन्होंने अतिक्रमण से मुक्त कराई गई जमीन की जानकारी भी माँगी है।



श्री कुशवाह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर शहर के वार्ड 61 से 66 तक चल रहे विकास कार्यों एवं विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर ग्रामीण की राजस्व गतिविधियों की समीक्षा की। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की समीक्षा भी श्री कुशवाह द्वारा की गई। उन्होंने शहर के 61 से 66 वार्ड एवं केन्टोनमेंट क्षेत्र में पेयजल व सीवर संबंधी कार्यों के लिये जल्द से जल्द अमृत-2 कार्ययोजना को अंतिम रूप देने पर भी विशेष जोर दिया। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी व श्री रिंकेश वैश्य, संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारी व तहसीलदार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने शहर में शामिल हुए नए वार्डों में चल रहे विकास कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही कहा अधिकांश अधूरे कार्य एक हफ्ते में पूर्ण करा लिए जायेंगे।

**शहर में शामिल हुए गाँवों की बसाहट को आबादी क्षेत्र घोषित कराएँ**–राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने ग्वालियर शहर में शामिल हुए गाँवों की बस्तियों को आबादी क्षेत्र घोषित कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा आबादी क्षेत्र घोषित होने पर वहाँ के निवासी विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के हकदार बनेंगे। श्री कुशवाह ने नगर निगम एवं राजस्व अधिकारियों की संयुक्त टीम से आबादी क्षेत्र का सर्वे कराने को कहा।

**शहर के प्रवेश द्वार की सड़कों को सुंदर बनाएँ**–राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने बैठक में यह भी निर्देश दिए कि ग्वालियर शहर को चारों तरफ से जोड़ने वाली सड़कों एवं प्रवेश द्वारों को सुंदर एवं आकर्षक बनाएँ, जिससे बाहर से आने वाले सैलानियों के मन में ग्वालियर की अच्छी छवि बने।

# कोविड-19 देश का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान प्रारंभ होगा

**ग्वालियर।** कोविड-19 वैक्सीन का महा टीकाकरण अभियान 16 जनवरी से प्रारंभ होगा। विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान सम्पूर्ण देश की भाँति ग्वालियर में भी समारोहपूर्वक प्रारंभ किया जायेगा। प्रातः 10 बजे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी महाटीकाकरण अभियान का शुभारंभ करेंगे और देशवासियों को संबोधित भी करेंगे। ग्वालियर जिले में 6 स्थानों पर टीकाकरण अभियान के तहत टीकाकरण किया जायेगा। प्रथम चरण में स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण किया जायेगा। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को जेएएच चिकित्सा समूह में बनाए गए टीकाकरण केन्द्र का अवलोकन किया और टीकाकरण की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। टीकाकरण केन्द्र को गुब्बारों एवं फूल-मालाओं से सजाया गया है। सभी 6 केन्द्रों को त्यौहार की तरह सजाकर तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री के उदबोधन के पश्चात टीकाकरण प्रारंभ होगा। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने निरीक्षण के दौरान कहा है कि टीकाकरण व्यवस्थित रूप से हो, इसके लिये सभी तैयारियां की जाएँ। टीकाकरण के दौरान जो सावधानियां बरतने के निर्देश शासन स्तर से प्राप्त हुए हैं उनका अक्षरशः पालन भी सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर श्री सिंह ने यह भी बताया कि जिले में कोविड-19 की वैक्सीनेशन के लिये अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही सभी टीकाकरण केन्द्रों पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की उपस्थिति में टीकाकरण की व्यवस्थायें की जायेंगीं। अधीक्षक जेएएच डॉ. आर एस धाकड़ ने बताया कि जेएएच अस्पताल में कोविड-19 के वैक्सीन लगाने की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। प्रथम चरण में स्वास्थ्य कर्मियों का वैक्सीनेशन किया जायेगा। वैक्सीनेशन के दौरान वैक्सीन लगवाने वाले सभी लोगों का चिन्हांकन कर लिया गया है। इसके साथ ही केन्द्र पर सुरक्षा की दृष्टि से सभी चिकित्सीय उपाय भी सुनिश्चित किए गए हैं। इमरजेंसी के लिये एक वार्ड भी तैयार किया गया है। जिसमें ऑक्सीजन सहित अन्य सभी दवायें व उपकरण रखे गए हैं। केन्द्र पर ही एक एम्बूलेंस की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है। किसी भी प्रकार से घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। सभी टीकाकरण केन्द्रों पर चिकित्सकों और मैदानी चिकित्सकीय अमले को भी तैनात किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि जिले में 6 स्थानों पर टीकाकरण की व्यवस्था की गई है। इनमें गजराराजा चिकित्सा समूह ग्वालियर, जिला चिकित्सालय मुरार, सिविल अस्पताल डबरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भितरवार, एयरफोर्स ग्वालियर तथा एम.एच. मुरार मिलिट्री हॉस्पिटल शामिल है। टीकाकरण मंगलवार, बुधवार व रविवार को छोड़कर किया जायेगा। प्रथम चरण में सभी स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन लगाने के बाद अन्य फ्रंट लाईन वर्करों को वैक्सीन लगाई जायेगी।

GPS BASED VEHICLE TRACKING SYSTEM & MANAGEMENT FROM W2TRACK SOLUTIONS
Please call us for demo/order: +91 9827270016/7738373527/7738373526
जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग और वाहन प्रबंधन प्रणाली - अपने परिवहन प्रणाली को अधिक उत्पादक, सुरक्षित और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाएं।
W2TRACK
✓GPS based Track, Monitor & Analyze your vehicles in real-time
✓Digital records of all your fleet operations at Central place
✓Optimise your Routes, Scheduling and Dispatch
✓Improve Driver Behaviour, remotely immobilize vehicle etc.
✓Improve productivity, efficiency & safety
✓Manage fleet expenses & reduce operational cost (ROI)
✓Power Your Fleets with Latest AIS 140 GPS Devices
Website & Mobile based Application/Software
MAKE IN INDIA
Basic GPS Based Fleet Monitoring System with Advanced Reporting
₹2999
RTO ApprovedNTEGRATEAIS 140 GPS Device (ARAI/ICAT Approved)
PUBLIC TRANSPORT VEHICLES
-SCHOOL BUSES
-TAXI/CABS
-TRANSIT BUSES
-INTERCITY BUSES
COMMERCIAL VEHICLES
SABA TECHNOSOFT
Deliver The Best, Performance Assured
₹5999
GSTIN: 27ACUFS2949C1ZO www.w2track.com (Locations PAN India GPS Service)

### जहरीली शराब कांड में सरकार की लीपापोती: डॉ. सिकरवार

**ग्वालियर।** ग्वालियर पूर्व से कॉग्रेस विधायक डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने कहा है कि मुरैना जिले के जौरा इलाके में जहरीली षराब पीने से 20 से अधिक लोगों की मौत के मामले में सरकार लीपापोती कर रही है। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा है कि भाजपा नेताओं के सरंक्षण में अवैध षराब का कारोबार फ्ल-फूल रहा है। डॉ. सिकरवार ने आरोप लगाया है कि सरकार द्वारा जो कार्यवाही कि गई है, वह एक ड्रामा है। पीडित परिवारों को 20-20 लाख रूपये की आर्थिक सहायता दी जानी चाहिये और षराब माफ्यिाओं को जेल भेजा जाये। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि अवैध षराब का कारोबार ग्वालियर-चम्बल अंचल में पूरी तरह पैर पसार चुका है, इस पर सख्त कार्यवाही होना चाहिए। उन्होने मृत लोगों के प्रति श्रदांजलि अर्पित करते हुए पीडित परिवारों को इस दुखः को सहन करने की भगवान शक्ति प्रदान करे।

प्रो.- विपिन सिंह तोमर
(संचालक सौम्या प्रापर्टी डीलर)
मो.-9301759475
9713253992
मेल- vipintomar172@gmail.com
सौम्या प्रोपर्टी डीलर
आवासीय भूमि (प्लॉट, फ्लैट, मकान, बंगला, खरीदने, बेचने व किराये) पर लेने देने के लिये सम्पर्क करें
ग्वालियर शहर में प्रोपर्टी खरीदने व बेंचने के लिये सम्पर्क करें
पता- दुकान न. 3/4 तोमर मार्केट, गायत्री मंदिर वाली गली, पिंटो पार्क, ग्वा.

PTV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे।
तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थिति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार
आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं
हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।
PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com
नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रॉनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 निअर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478